बारहवां रोजा
इफ्तार समय
०6: 17 बजे
तेरहवां रोजा
सहरी समय
०5: 12 बजे
RAMADAN
Mubarak

Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित



रमजान मुबारक 2०26 टाइम टेबिल सहरी-इफ्तार........०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और डीएमके सरकार पर........०1

वर्ष: ०3 अंक: 225 | बदायूं, सोमवार ०2 मार्च 2०26 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये

## खामेनेई की मौत पर भड़का रूस: पुतिन ने जताई संवेदना, ईरानी राष्ट्रपति को भेजा शोक संदेश

**रूस।** अमेरिका और इस्राइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया।

पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा।



ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खामेनेई की मौत की पुष्टि की। इसके बाद ईरान ने नए हमले शुरू किए। वहीं, इस्राइल ने तेहरान पर जवाबी कार्रवाई की। रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका और इस्राइल के हमलों पर इसके अलावा कोई सीधी टिप्पणी नहीं की। रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इस्राइल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव को और बढ़ा सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के इस तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहते था। उन्होंने इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा, कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है। ईरान की ओर से इराक और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेबेंज्या ने कहा कि अमेरिका-इस्राइल के हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और यह संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है।

रूसी विदेश मंत्रालय ने शनिवार अमेरिका और इस्राइल के हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने इसे जानबूझकर पहले से योजना बनाकर और बिना उकसावे के किया गया सशस्त्र आक्रमण करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला उस समय किया गया, जब वार्ता की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन हमलों से क्षेत्र मानवीय, आर्थिक और यहां तक कि रेडियोधर्मी आपदा के कगार पर पहुंच सकता है। उत्तर कोरिया ने भी अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर हमलों की निंदा की है। उसने इन हमलों को श्गैरकानूनी, आक्रामकता और राष्ट्रीय संप्रुभता का उल्लंघन करार दिया। सरकारी मीडिया कोरिया सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से दी है। प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में अमेरिका का शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने अमेरिका के स्वभाव को वर्चस्ववादी और गैंगस्टर जैसा बताया और कहा कि ऐसी कार्रवाई उसी का नतीजा है।

## पुडुचेरी को 27०० करोड़ की बड़ी सौगात

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और डीएमके शासन पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 27०० करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी।



प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने पुडुचेरी का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देशभर में उच्च गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुडुचेरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत विशेष सहायता दी गई है, जो पहले केवल राज्यों के लिए उपलब्ध थी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट।

## एक नजर

### सीएम योगी के आदेश के बावजूद अब तक नहीं मिली कर्मचारियों को सैलरी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया था कि फरवरी माह के सैलरी फरवरी माह में ही आ जाए। एक मार्च को रविवार है और दो से चार मार्च तक अवकाश। फरवरी माह की सैलरी 28 फरवरी को ही प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशन धारकों के खाते में आनी थी, लेकिन एक मार्च की सुबह तक अभी तक सैलरी क्रेडिट नहीं हो सकी है।

सरकार की घोषणा के बावजूद माह के अंतिम दिन तक वेतन और पेंशन न मिलने से कर्मचारियों व पेंशनर्स में आक्रोश है। कई विभागों का वेतन जारी नहीं हो सका है। इसके पीछे सर्वर डाउन होने की बात बताई जा रही है। उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कहा कि होली से पूर्व भुगतान का आश्वासन दिया गया था लेकिन शनिवार देर रात तक खातों में राशि नहीं पहुंची। वहीं सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने बताया कि कई जिलों से पेंशन न मिलने की शिकायतें आई हैं।

देरी से लाखों परिवारों के सामने त्योहार मनाने को लेकर आर्थिक कठिनाई खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया है कि होली के पहले वेतन-पेंशन जारी हो जाएगी। अब रविवार से छुट्टियां शुरू हो रही हैं, अब देखना होगा कि इन दिनों में वेतन व पेंशन जारी हो पाएगी या नहीं। यूपी बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम और केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी निभा रहे शिक्षक व प्रधानाध्यापक होली पर घर जाने को लेकर असमंजस में हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव द्वारा जारी सख्त आदेश के बाद जिलों में शिक्षकों को रिलीव नहीं किया जा रहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी संबंधित मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक की लिखित अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। संयुक्त व अपर शिक्षा निदेशक भी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे।

## खामेनेई की हत्या पर फूट-फूटकर रोईं महिलाएं और पुरूष, सड़कों पर उतरे मुसलमान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए।



इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नक़वी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि इस्राइल और यूएस ने किस तरह दहशतगर्दी फैलाई है।

आयतुल्ला ख़ामेनेई की शहादत पर घोषित तीन दिवसीय शोक के तहत शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस संबंध में मौलाना कल्बे जवाद ने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत परस्त लोगों से शोक में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 बजे छोटे इमामबाड़े में शोकसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला जाएगा। मौलाना ने देशभर के शिया समुदाय से अपील की है कि रात 8 बजे एक ही समय पर शोकसभाएं आयोजित करें और जहां संभव हो वहां कैंडल मार्च निकालें।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर एक प्रदर्शनकारी महिला ने कहा कि ष्जिनके खून में गद्दारी है, उन्होंने खामेनेई को धोखे से मारा है, अगर एक खामेनेई मारा गया, तो हजार खामेनेई उठ खड़े होंगे। इस्राइल और अमेरिका धोखेबाज हैं।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शिया धार्मिक नेता मौलाना सैफअब्बास ने कहा कि कल इस्राइल और अमेरिका ने जो हमला किया, उसे टेररिस्ट अटैक कहा जा रहा है। आज इसने पूरी खाड़ी को जंग में झोंक दिया है, और आप सब खाड़ी में हालात देख रहे हैं। दुनिया को समझना चाहिए कि अमेरिका और इजराइल कैसे पूरी दुनिया में खून-खराबा, नफरत और दहशतगर्दी फैला रहे हैं।

## धर्म परिवर्तन पर अमित शाह ने जताई चिंता, भगवंत मान सरकार से अपील

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नवी मुंबई के खारघर में आयोजित हिंद-दी-चादर कार्यक्रम में शिरकत की। यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर की 35०वीं शहादत वर्षगांठ के मौके पर रखा गया था। इस दौरान अमित शाह ने पंजाब में हो रहे धर्म परिवर्तन पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने भगवंत मान सरकार और पंजाब के आम लोगों से अपील की कि वे लालच से प्रेरित इस प्रथा को तुरंत रोकें। शाह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने दूसरों के धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। उन्होंने बहुत अत्याचार सहे लेकिन कभी झुके नहीं। गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि अगर आज हम किसी लालच में आकर अपना धर्म बदलते हैं, तो हम अपने महान गुरुओं के सच्चे अनुयायी नहीं कहला सकते। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और वहां के हर धर्म के लोगों को मिलकर इस धर्म परिवर्तन को रोकना चाहिए। अपने संबोधन में शाह ने कहा, अगर गुरु तेग बहादुर ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपनी कुर्बानी न दी होती, तो आज दुनिया में एक भी हिंदू नहीं बचता। उन्होंने स्वीकार किया कि पहले कुछ लोगों ने उनके इस बयान पर आपत्ति जताई थी, लेकिन यह एक ऐसा सच है जिसे सबको मान लेना चाहिए।

## शराब घोटाले में कोर्ट से क्लीन चिट, मिलने के बाद एक्शन मोड में केजरीवाल

### जंतर-मंतर पर आप की जनसभा

**दिल्ली।** शराब घोटाले में आरोप मुक्त होने के बाद का आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एक्शन मोड में आ गए हैं। जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी की जनसभा में अरविंद केजरीवाल ने संबोधन किया।



जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, श्देश में इस समय डर का माहौल है और उसके बावजूद जज साहब ने देश के हक में धाकड़ फैसला सुनाया, उसके लिए मैं जज साहब का शुक्रिया अदा करता हूं। जज साहब ने मोदी जी और भाजपा के झूठ पर तमाचा मारते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी बेईमान नहीं बल्कि कट्टर ईमानदार हैं। देश की जनता कांग्रेस से परेशान हो गई थी और लोगों ने बड़ी उम्मीदों से मोदी जी की सरकार बनाई थी। लेकिन कुछ नहीं सुधरा बल्कि और भी ज्यादा बर्बाद कर दिया है। पूरे देश में पेपर लीक हो रहे हैं और ये परीक्षा पर चर्चा की नौटंकी कर रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, आईआईटी में मेरे बहुत अच्छे नंबर आए थे। मैं पढ़ाई में अच्छा था। अगर मैं चाहता तो अमेरिका जाकर पढ़ सकता था। मेरे कई दोस्त अमेरिका गए। लेकिन उस समय मेरे मन में एक ख्याल आया, हमारे देश की हालत बहुत खराब है। अगर हम सब पढ़े-लिखे लोग, आईआईटी और बड़े इंस्टीट्यूशन में पढ़कर अमेरिका चले गए, तो हमारे देश का ख्याल कौन रखेगा? हमारे देश को कौन ठीक करेगा? मैं अमेरिका नहीं गया। मैं इंडिया में ही रहा, मुझे नहीं पता कि प्राइम मिनिस्टर मोदी मुझसे क्यों नफ़रत करते हैं। प्राइम मिनिस्टर मोदी ने मेरे खिलाफ अनगिनत इंक्वायरी करवाईं। 1० साल में एक पैसा भी करप्शन का नहीं मिला। अगर दिल्ली सरकार का कोई कॉन्ट्रैक्टर, कोई वेंडर खड़ा होकर कहे कि केजरीवाल ने पैसे मांगे, तो मैं पॉलिटिक्स छोड़ दूंगा।

केजरीवाल ने कहा, गुजरात में भाजपा की 3० साल से सरकार है लेकिन वहां का बहुत बुरा हाल है। पूरी दुनिया चांद पर पहुंच गई है लेकिन इनसे सड़कें नहीं बन पा रही हैं।

इनसे देश के शहरों की सफाई नहीं हो पा रही, हवा जहरीली हो चुकी है। मोदी जी, विकसित भारत बाद में बना देना, पहले रहने लायक तो बना दीजिए। वहीं, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने कहा, श्हम सबने देखा है कि किस तरह से भाजपा ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफषड्यंत्र किया। किस तरह झूठे आरोप लगाए गए। बिना किसी सबूत को जेल में डाला गया। आज दिल्ली वाले भी इस अत्याचार के भुक्तभोगी हैं। 1०,००० बस मार्शलों को नौकरी से निकाला गया।

## खामेनेई की मौत के बाद ईरान को मिला नया सुप्रीम लीडर

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी बड़े सैन्य टकराव के बीच ईरान की सत्ता में बड़ा बदलाव हुआ है। अमेरिकी और इस्राइल के संयुक्त हमले में लंबे समय से ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अली खामेनई की मौत के बाद देश में नेतृत्व परिवर्तन शुरू हो गया। ऐसे समय में वरिष्ठ धर्मगुरु अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को ईरान का नया अंतरिम सुप्रीम लीडर नियुक्त किया गया है।




रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के कई सैन्य और सरकारी ठिकानों पर बड़ा हमला किया। इस अभियान में शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व से जुड़े स्थानों को निशाना बनाया गया। 1989 से ईरान का नेतृत्व कर रहे 86 वर्षीय अली खामेनई की इसी हमले में मौत हो गई। शुरुआत में ईरान ने इन खबरों से इनकार किया, लेकिन बाद में उनकी मौत की पुष्टि की गई। इसके बाद संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अंतरिम नेतृत्व व्यवस्था लागू की गई।

अयातुल्ला अलीरेजा अराफी ईरान के वरिष्ठ धार्मिक नेता माने जाते हैं। उन्हें अंतरिम नेतृत्व परिषद में न्यायविद सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यही परिषद अब सुप्रीम लीडर की जिम्मेदारियां संभालेगी। अराफी फिलहाल देश के सर्वोच्च धार्मिक और राजनीतिक पद की जिम्मेदारी निभाएंगे। उनका काम संक्रमण काल में शासन व्यवस्था को स्थिर रखना और नए स्थायी सुप्रीम लीडर के चयन तक नेतृत्व करना होगा।

ईरान के संविधान के अनुसार सुप्रीम लीडर की मृत्यु के बाद अंतरिम परिषद बनाई जाती है। इस परिषद में राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन शामिल हैं।

मुख्य न्यायाधीश गुलाम-हुसैन मोहसनी एजई भी इसका हिस्सा हैं।

यही संयुक्त नेतृत्व देश के प्रशासन और सुरक्षा फैसले लेता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सबसे पहले खामेनई की मौत का दावा किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसे ईरान और दुनिया के लिए बड़ा बदलाव बताया। दूसरी ओर ईरान अब बाहरी सैन्य दबाव और अंदरूनी राजनीतिक संक्रमण दोनों से जूझ रहा है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह बदलाव केवल ईरान ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिम एशिया की राजनीति और सुरक्षा संतुलन को प्रभावित कर सकता है।

### इस्राइल-ईरान युद्ध के बीच पीएम मोदी ने बुलाई सीसीएस की बैठक

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात राजधानी दिल्ली लौटने के बाद कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, वह अपने दो दिवसीय दौरे से करीब रात 9:3० बजे दिल्ली पहुंचने वाले हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री के लौटते ही सुरक्षा मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गई है। हालांकि बैठक के एजेंडे को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है, माना जा रहा है कि बैठक में ईरान और इस्राइल के बीच जारी संघर्ष को लेकर चर्चा की जा सकती है।

## विधानसभा चुनाव से पहले सक्रिय हुए संघ प्रमुख, फिर लखनऊ पहुंचे



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को मोहनलालगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने संघ प्रमुख मोहन भागवत एक बार फिर लखनऊ पहुंचे हैं। 21 दिन के अंदर यूपी में उनका चौथा दौरा है। 15 दिन के अंदर लखनऊ में दूसरा। यहां से निकलने के बाद वह निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज जाएंगे। वहां पर बैठक की बात सामने आ रही है। यहां से उनके दिल्ली रवाना होने की चर्चा है। 2०27 में यूपी में विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले संघ प्रमुख की सक्रियता से राजनीतिक हलचल तेज है। सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताते चलें कि पिछले दौरे में सीएम योगी के साथ उनकी बैठक भी हो चुकी है। दरअसल, एक दशक बाद प्रदेश की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए तमाम विपक्षी दल रणनीतियां बनाने में जुटे हैं। वहीं, सत्ताधारी भाजपा एक बार फिर सत्ता में वापसी की कोशिशों में जुटी है। ऐसे में संघ प्रमुख के दौरे चर्चाओं को जन्म दे रहे हैं।

# तहसीलदार व अधिवक्ताओं में कहासुनी, कुर्सी फेंककर मारी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**दातागंज।** महिला अधिवक्ता से अभद्रता किए जाने के बाद तहसीलदार व अधिवक्ताओं के बीच शनिवार को तीखी झड़प हो गई। एक अधिवक्ता ने कुर्सी उठाकर तहसीलदार की ओर उछाल दी, हालांकि उन्हें लगी नहीं। देखते ही देखते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने अधिवक्ताओं को समझाकर शांत किया। महिला ने पुलिस को तहरीर



देकर कार्रवाई की मांग की है।ऑफिस में ही अधिवक्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी दौरान एक अधिवक्ता ने कुर्सी उठाकर तहसीलदार को फेंककर मारी, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। करीब एक घंटे के बाद अधिवक्ताओं ने शिकायती पत्र पुलिस को दिया। तब कहीं जाकर मामला शांत हो सका। इस दौरान तहसीलदार हाय हाय के नारे भी अधिवक्ताओं ने लगाए। सूचना मिलने के बाद वह थाने पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अधिवक्ताओं को समझा दिया है। तहसीलदार से बात की गई है। मामूली बात पर विवाद की स्थिति बन गई थी। अब मामला पूरी तरह से शांत है। - धर्मेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम

अधिवक्ता की ओर से शिकायती पत्र मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की ठगी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा में फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाले चार आरोपियों को लोहामंडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से लैपटॉप, मोबाइल और पैन कॉर्ड बरामद हुए हैं। पुलिस वांछित अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। एसीपी लोहामंडी गौरव कुमार ने बताया कि राज्य कर अधिकारी विकास कौशिक ने 18 दिसंबर को लोहामंडी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि एटा के जलेसर क्षेत्र में अवधेश ट्रेडर्स नाम से फर्म



रजिस्टर्ड कराई थी। फर्म के बारे में जांच करने पर उक्त पते पर कोई फर्म नहीं मिली थी। जबकि फर्म के नाम से जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत कर 6.०2 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया। फर्जीवाड़े में कमलानगर के गोविंद गोयल, तुषार सारस्वत और कपिल शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अपने साथी अज्जू उर्फ अक्षय, रिषभ उर्फ लालू यादव, लकी, शिवम उर्फचूचा और यूनिस के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजा के आधार पर फर्म बनाकर आईटीसी की चोरी करते थे। उन्होंने बताया कि दूसरा मामला एमजी रोड पर प्रकाश ट्रेडर्स के नाम फर्म रजिस्टर्ड कराने का था। पुलिस को जांच में प्रकाश के साथ रवि सिंह, मयूर नागपाल, विनीत ,राजकुमार झां, आसिफ और दो महिला अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए। आरोपी बुलंदशहर निवासी रवि को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# सुमित सक्सेना समेत तीन बदमाश

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर इलाके में दहशत फैलाने वाले सुमित सक्सेना और सुमित यादव के साथ ही बहेड़ी के बदमाश ताहिर को प्रशासन ने जिला बदर करने का फरमान सुनाया है। डीएम का आदेश मिलने के बाद पुलिस ने इनकी तलाश तेज कर दी है। तीनों को 24 घंटे के अंदर जिले से बाहर भेजा जाना है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत बहेड़ी निवासी ताहिर और इज्जतनगर के सुमित सक्सेना व सुमित यादव को जिले की सीमा से बाहर जाने का आदेश दिया है। वीर सावरकर नगर निवासी





सुमित सक्सेना पर मारपीट, धोखाधड़ी के कई मुकदमे हैं। पिस्टल दिखाकर धमकाना और कर संपत्तियां हथियाने के भी मामले सुमित पर दर्ज हैं। सुमित यादव भी धोखाधड़ी आदि कई मामलों में नामजद रहा है। पुलिस की रिपोर्ट में भी सुमित यादव की गुंडागर्दी का जिक्र है। बहेड़ी के भौना गांव निवासी ताहिर चर्चित बदमाश रहा है। उसके खिलाफ स्मैक तस्करी, धर्म परिवर्तन कराना, गुंडागर्दी व मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। हल्द्वानी निवासी चंद्रप्रकाश खंडूजा की जमीन पर कब्जा कर दुकानों का निर्माण कराने का भी आरोप है। ताहिर का पिता बड़े लला भी पुराना हिस्ट्रीशीटर रहा है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि छह माह की अवधि में अगर ये तीनों जिले में नजर आते हैं तो गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि बारादरी थाने से गुंडा एक्ट में चालान किए गए दो आरोपियों में से एक शाहनवाज उर्फ बबलू निवासी मोहल्ला जोगी नवादा को गुंडा एक्ट की कार्रवाई के तहत चार माह के लिए पाबंद किया गया है।

# होली की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** होली के पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी का उत्साह अपने चरम पर है। रविवार को बाजार में भारी भीड़ उमड़ी। शहर के प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में भीषण जाम लग गया। सुबह से ही मुख्य चौराहों और व्यावसायिक इलाकों में वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं। हालात ऐसे रहे कि कई स्थानों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। शहर में सबसे अधिक दबाव मुख्य बाजार, घंटाघर, इंदिरा चौक, गांधी ग्राउंड और बस स्टैंड क्षेत्र में देखने को मिला। होली



के मद्देनजर लोग मिठाई, रंग-गुलाल, कपड़े और उपहारों की खरीदारी के लिए काफी संख्या में घरों से निकले। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की अधिकता के कारण सड़कों पर जगह कम पड़ गई। वहीं, सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों और अतिक्रमण ने जाम की स्थिति को और गंभीर बना दिया। कई स्थानों पर ठेले, अस्थायी दुकानें और फेरीवाले सड़क तक फैल गए, जिससे यातायात बुरी तरह बाधित हुआ। जाम में फंसे लोगों को धूप और गर्मी में काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस को जाम खुलवाने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। शहर के पाल नगर निवासी रमेश, बाबा कॉलोनी निवासी सुदेश कुमार शर्मा कहना है कि त्योहार पर ग्राहकों की संख्या बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन बेहतर ट्रैफिक प्लान और पार्किंग व्यवस्था होती तो हालात काबू में रहते।

## सार-संक्षेप

### रोडवेज चालक की बाइक रोककर की लूट, छर्रा लगने से हुआ घायल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सिलहरी।** रोडवेज के चालक की बाइक को बदमाशों ने तमंचा दिखाकर रोक लिया। उसके पास रखे 15 सौ रुपये व मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर एक बदमाश ने उन पर गोली चला दी। छर्रा लगने से वह घायल हो गए। राहगीरों को आते देख बदमाश भाग निकले। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल वजीरगंज का होने की वजह से पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। रात में पुलिस ने जंगल में बदमाशों की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव रजला मई के रहने वाले गुड्डू ने बताया कि वह रोडवेज की बस पर चालक के पद पर तैनात है। शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह ड्यूटी खत्म करके बाइक से घर जाने के लिए निकले थे। गांव की ओर मुड़ने से पहले बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर बाइक रोक ली। जेब में रखे 15 सौ रुपये निकाल लिए। मोबाइल लूट लिया। विरोध किया तो एक बदमाश ने उस पर गोली चला दी। गोली सीधी नहीं लग सकी, लेकिन छर्रा उनके हाथ-पैर और सीने में लगने से वह घायल हो गए। मामले की पुलिस जांच कर रही है।पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह का कहना है जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### मोटर बाइक से फ्लैग मार्च कर पुलिस ने आवाम को कराया सुरक्षा का एहसास

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस कप्तान डाक्टर अभिषेक महाजन के दिशा-निर्देश पर रविवार को जिले के डुमरियागंज थाने की पुलिस ने सीओ डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा की अगुवाई मे थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँवो और चौराहे पर मोटर बाइक से भारी पुलिस फोर्स के साथ रूट मार्च कर लोगो से आगामी होली व ईद का पर्व मिलजुल आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। तथा त्यौहार के दौरान किसी नई परम्परा की शुरुआत करने और शांति व्यवस्था में खलल डालने पर कडी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

मिली जानकारी के अनुसार सीओ बृजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में डुमरियागंज थाने की पुलिस ने रविवार को डुमरियागंज थाने से निकलकर खीरा मंडी और मदिंर चौराहा होते हुए बैंक और ब्लाक गेट होते हुए बैदोलागढ, हल्लौर ,जबजौवा, बसडीलिया, बेवा में फ्लैग मार्च किया गया स तथा पुलिस प्रशासन से लोगो से मुलाकात कर होली व ईद का त्यौहार आपसी सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान डुमरियागंज थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ,एसआई वीरेंद्र कुमार, छोटेलाल, मनोज कुमार पटेल, अजय कुमार त्रिपाठी, एसआई उमेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# पांचजन्य फैक्टरी पर आयकर के छापे से फंसा मजदूरों का वेतन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली ।** बरेली के फरीदपुर स्थित पांचजन्य प्लाईवुड फैक्टरी पर आयकर छापा शनिवार को भी जारी रहा। फैक्टरी का संचालन भी ठप रहा। टीम ने प्रबंधक को पेश करने के लिए पुलिस से संपर्क किया है। दूसरी ओर, माह के आखिरी दिन वेतन के लिए पहुंचे कर्मचारियों-मजदूरों को टीम ने लौटा दिया। फैक्टरी परिसर के बाहर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि होली पर इस बार पगार के साथ बोनस भी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब वेतन मिलना भी मुश्किल है। प्रबंधन के साथ सुपरवाइजरों के भी फोन बंद हैं। किसी से संपर्क नहीं हो रहा। बताया जाता है कि फैक्टरी मालिक



और प्रबंधक दोनों ही शनिवार को आयकर टीम के सामने पेश नहीं हुए। इससे जांच में कारोबार संबंधी साक्ष्य आदि जुटाने में टीम को परेशानी हो रही है। दूसरी ओर, जिले के अन्य प्लाईवुड कारोबारी भी छापा संबंधी गतिविधियों पर नजर गड़ाए हुए हैं। पांचजन्य प्लाई बोर्ड फैक्टरी में आयकर विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार सुबह छापा मारा था।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** बदायूं के वजीरगंज इलाके में आलू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। हादसा शनिवार रात करीब आठ बजे हुआ। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन सीएचसी पहुंच गए। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव इटौआ निवासी नेत्रपाल (35 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ कासगंज के गांव



मोहनपुर-गोपालपुर में मौसा की तेहरवी संस्कार में शामिल होने बाइक से गए थे। देर रात वह घर लौट रहे थे। कस्बा वजीरगंज से निकलने के बाद मंगला माता कोल्ड स्टोरेज के पास आलू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक को टक्कर लग गई। हादसे में नेत्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर घायल हो गई। घायल का उपचार सीएचसी में चल रहा है।

# ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामनाई की मौत की खबर से शोक

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर रविवार को शोक और गम डूबा रहा । ईरान के सर्वोच्च रूहानी रहबर और मजलूमों की आवाज माने जाने वाले आयतुल्लाह अली खामनेई के शहादत (निधन) की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। गांव के हर गली-कूचे में उदासी पसरी दिखी और लोग गहरे सदमे में नजर आए। मिली जानकारी के अनुसार, खबर की तस्दीक होते ही गांव में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया, जिसके बाद चारों ओर रोने-सिसकने की आवाजें सुनाई देने लगीं। गांव स्थित दरगाह चौक पर हजारों की संख्या में लोग एकत्र हो गए। शोक




सभा के दौरान हल्लौर की जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने सामूहिक घोषणा की, जिसके बाद लोगों का सब्र टूट पड़ा और पूरा इलाका गमगीन हो उठा। मौलाना ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद रहबर का जीवन त्याग, सब्र और इंसाफ का प्रतीक रहा है। उन्होंने आयतुल्लाह को इमाम हुसैन (अ.स.) के सिद्धांतों पर चलने वाला सच्चा सिपाही बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष मजलूमों के हक की आवाज बनकर पूरी दुनिया में गूंजता रहा। उनके अनुसार, यह शहादत बातिल के सामने हक की जीत का पैगाम है। शोक की इस घड़ी में गांव के लोगों ने स्वेच्छा से अपने कारोबार बंद रखे। बाजार पूरी तरह बंद रहे और गांव भर में काले परचम फहराए गए। घर-घर में मजलिसों का आयोजन हुआ, जहां लोगों ने कुरानखानी कर दिवंगत आत्मा की मगफिरत के लिए दुआ की। बुजुर्गों से लेकर युवा वर्ग तक, हर कोई गम में डूबा दिखाई दिया। ग्रामीणों का कहना है कि आयतुल्लाह अली खामनेई की शहादत ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया है। लोगों ने एकजुट होकर शांति और भाईचारे के साथ शोक व्यक्त किया तथा कहा कि रहबर की शिक्षाएं और उनका संदेश आने वाली पीढ़ियों को इंसाफ और इंसानियत के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा।

# आगरा में अमेरिका और इस्त्राइल के खिलाफ प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद आगरा में भी प्रदर्शन किया गया। मजार शहीद ए सालिस में ईरान के समर्थन में शिया समुदाय के लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का पुतला दहन किया। लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ भी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने अमेरिका मुर्दाबाद,



पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान मस्जिद से बाहर निकलने पर लोगों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई।

# जाम से राहत दिलाने के लिए बड़े फैसले

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** जाम से जूझ रहे आगरा को राहत दिलाने के लिए बीते दिन दिशा की बैठक में कई अहम विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता करते हुए फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने रेलवे फाटक रुई की मंडी, पनवारी, सेंट जोंस रेलवे पुल और खेरिया रेलवे पुल को चौड़ा करने के साथ रेल ओवरब्रिज बनाने के लिए सर्वे करने और प्रस्ताव बनाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। शनिवार को विकास भवन में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने खेरिया से मलपुरा के बीच प्रस्तावित मॉडल रोड के निर्माण की



जांच करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने बिना अतिक्रमण हटाए डिवाइडर बनाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पहले रोड को अतिक्रमण मुक्त कराएं। इसके बाद टेक्निकल टीम का गठन कर डिवाइडर की आवश्यकता और गुणवत्ता की जांच करें। बैठक के दौरान जनसुविधा के लिए नवीन आधार केंद्र खोलने के लिए भी कहा गया। उन्होंने पोस्ट ऑफिस में प्रथम 3० से 35 लोगों के ही करेक्शन किए जाने पर नाराजगी जताई। सभी के आधार संशोधन करने के निर्देश दिए। बैठक में धनौली पंचायत को नगर निगम में शामिल किए जाने के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए कहा। वहीं, बीएसएनएल को राजस्थान व मध्य प्रदेश सीमावर्ती के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए जनप्रतिनिधियों के समन्वय से टॉवर लगाने को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना के अंतर्गत किए कार्यों की समीक्षा की। मेट्रो परियोजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 8379 करोड़ से कार्य जारी है। बिजलीघर से आईएसबीटी तक कार्य मार्च तक पूरा हो जाएगा। वहीं, आगरा कॉलेज मेट्रो लाइन का कार्य अक्तूबर तक होने के साथ ही जून 2०27 तक कार्य पूरा हो जाएगा। बदहाल हाईवे पर भी सांसद नाराज दिखे। गड्ढों की मरम्मत के साथ ही सिकंदरा, ग्वालियर रोड, एत्मादपुर, खंदौली हाईवे पर बने नालों के उफनाने पर अफसरों को चेतावनी दी। नगर आयुक्त और पीडी एनएचएआई को संयुक्त रूप से मौके पर जांच कर समस्या दूर करने के निर्देश दिए। अगली बैठक में ग्वालियर, फरीदाबाद के पीडी एनएचएआई को भी बैठक में उपस्थिति रहने के निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह व अन्य मौजूद रहे। कमेटी अध्यक्ष ने मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी तीन महीने में गांव-गांव जाकर रिपोर्ट तैयार करने को कहा। जोर दिया कि इससे प्रस्तावित मॉडल रोड बनाने से पहले सीवर व गंगाजल पाइपलाइन व अन्य खुदाई वाले कार्य किए हो जाएंगे तो भविष्य में सड़क को तोड़ना नहीं पड़ेगा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार को जनप्रतिनिधियों का फोन न उठाने पर कड़ी फटकार लगाई। उनकी कार्यशैली पर आपत्ति दर्ज करते हुए स्पष्टीकरण मांगा। इसके साथ ही नहर की सफाई करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। डाक विभाग के अधीक्षक, रेलवे डीआरएम के बैठक से अनुपस्थिति रहने, अधीनस्थ को भेजने पर स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

# होली पर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई, कई वाहन सीज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** होली के पर्व को देखते हुए सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने सख्त प्रवर्तन अभियान चलाया। उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी बदायूं के निर्देश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) हरिओम के नेतृत्व में अनियमितताओं में संलिप्त सवारी बसों, ओवरलोड मालवाहनों, अवैध खनन में लगे वाहनों तथा डग्गामार यात्री वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई।



अभियान के दौरान मानकों की अनदेखी करने पर कुल 3 बसों एवं 8 ओवरलोड मालवाहनों को सीज किया गया। इनमें से 8 वाहनों को थाना फैजगंज और बिसौली में सीज किया गया, जबकि एक स्लीपर बस, जो निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, उसे परिवहन निगम की कार्यशाला में खड़ा कराकर सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त नियमों का पालन न करने पर दो बसों के चालान भी किए गए।

प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाए गए। आसफपुर चौकी के पास 18 दोपहिया वाहनों का चालान बिना हेलमेट, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) न होने तथा गलत दिशा में वाहन चलाने के आरोप में किया गया। वहीं, एक वाहन चालक के विरुद्ध नशे की हालत में वाहन चलाने पर चालान की कार्रवाई की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हरिओम ने बताया कि जनपद में संचालित तथा जनपद से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों, अवैध खनन में लगे ट्रकों और डग्गामार यात्री वाहनों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। होली जैसे त्योहारों पर दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि आमजन सुरक्षित तरीके से त्योहार मना सकें। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि होली के अवसर पर नशे की हालत में वाहन न चलाएं, तेज गति से परहेज करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अवैध तमंचा व कारतूस सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा० बृजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी एवं क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ देवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थाना उसहैत पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने ग्राम मुगरिया नगला मार्ग के पास से अभियुक्त सलमान पुत्र मुन्ने, निवासी ग्राम भुण्डी, थाना उसहैत, जनपद बदायूँ को एक अदद अवैध तमंचा (.315 बोर) एवं एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) सहित गिरफ्तार किया।

# पटियन नगला में 20 वर्षों से गली-नाली निर्माण अधूरा, ग्रामीणों में आक्रोश

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** विकासखंड म्याऊं की ग्राम पंचायत करौली सैदपुर के मजरा पटियन नगला में पिछले करीब 20 वर्षों से गली एवं नाली निर्माण न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई न होने पर ब्लॉक परिसर में धरना-प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।



ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गलियों में पानी जमा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जलभराव के कारण पशुओं में खुरपका जैसी बीमारी भी फैल चुकी है। ग्रामीण लाल सिंह पुत्र कल्याण सिंह ने बताया कि वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है। नाली न होने से पानी घरों के आसपास भर जाता है, जिससे मकानों की नींव कमजोर होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने कारंजे के कारण जल निकासी और प्रभावित होती है। इस संबंध में ग्राम प्रधान राम सिंह शाक्य ने बताया कि कुछ स्थानीय कारणों से निर्माण कार्य लंबित था। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक-दो दिन में निजी संसाधनों अथवा ग्राम निधि से कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### मानसिक मंदित बालिकाओं को उपहार भेंट किए

**बिसौली।** इनरव्हील क्लब द्वारा मानसिक मंदित बालिकाओं को होली के उपलक्ष में उपहार भेंट किए। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सुविधा माहेश्वरी ने बताया कि इनरव्हील क्लब इस प्रकार के कार्य करने में प्रयासरत है तथा आगे भी जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करता रहेगा। इस दौरान मानिक मंदित बालिकाओं के साथ संवाद का वातावरण बेहद आत्मीय रहा और बालिकाओं ने भी उत्साह के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का यह भावनात्मक बालिकाओं और क्लब की सदस्यों के बीच आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक बन गया। क्लब की अध्यक्ष सुविधा माहेश्वरी ने छात्रावास की प्रबंधक को भी सम्मानित किया। उन्होंने उनके समर्पण और बालिकाओं के भविष्य निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष सुविधा माहेश्वरी, सचिव भारती अग्रवाल, रितु अग्रवाल, डा. अर्चना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहीं।

### जल ही जीवन है का लिया संकल्प

**बिसौली।** जल ही जीवन है के संकल्प के साथ जायंट्स ग्रूप ऑफ महिला समृद्धि द्वारा स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पोस्टरों पर विविध कलाकृतियां बनाकर जल संरक्षण और वायु प्रदूषण को रोकने के उपाय दर्शाए। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला समृद्धि द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से पानी बचाने के बेहतरीन संदेश दिए। पोस्टर प्रतियोगिता के साथ-साथ बच्चों ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रभावी भाषण भी दिए। ग्रुप की अध्यक्ष कंचन सक्सेना ने बच्चों को आगामी होली के त्यौहार पर पानी बचाने के सुझाव दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्सव के दौरान पानी की बर्बादी को कैसे रोका जा सकता है। यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय ने बच्चों को जल ही जीवन है का संदेश दिया। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफिसर रूपम गुप्ता, सचिव रुचि वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष रूबी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, पूर्व सचिव आंचल वार्ष्णेय, ऋतु साहनी, सरिता वार्ष्णेय, राखी वार्ष्णेय, ममता यादव, पारुल अग्रवाल, डॉ. स्वाति रंजन, रोजी अग्रवाल, मानसी गर्ग, शिवानी अग्रवाल, अंशिका गर्ग, स्मिता यादव, प्रीति वार्ष्णेय, रोचन अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, रश्मि वार्ष्णेय, शिखा वार्ष्णेय मुख्य रूप से उपस्थित रही।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ स्टार्स द्वारा मधुवन फार्म हाउस पर एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जाएंट्स ग्रुप 16 के यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, फेडरेशन अफसर नितिन गुप्ता, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, प्रवीन अग्रवाल, रविंद्र मोहन अग्रवाल, राजू साहनी, जितेन्द्र वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, शिप्रम शर्मा, मयंक अग्रवाल, आमित बाबू, निशांत गोयल, विकास गुप्ता, श्याम अग्रवाल, साहू सावेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह



**बदायूं।** होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन की महिला टीम द्वारा होली के अवसर पर एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का वातावरण हर्ष, उमंग और रंगों की खुशबू से सराबोर रहा। समारोह के दौरान महिलाओं और बच्चों ने रंगों से एक-दूसरे को सराबोर करते हुए होली की शुभकामनाएँ दीं। पारंपरिक गीतों पर प्रस्तुत नृत्य ने कार्यक्रम की रौनक और बढ़ा दी। सहभागियों ने मिलकर प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सपना ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशी को साझा करने का अवसर है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस पावन पर्व को प्रेम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सामुदायिक एकता और सकारात्मक सामाजिक वातावरण को मजबूत करने का संकल्प लिया। समारोह ने समाज में सौहार्द और अपनत्व का संदेश प्रसारित किया।

# होली आपसी सौहार्द और भाईचारे का त्यौहार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**ककराला/बदायूं।** रंगों का पावन पर्व होली भारतीय संस्कृति की साझी विरासत का प्रतीक है। यह त्योहार प्रेम, आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। होली हमें सभी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियाँ बाँटने और रिश्तों को मजबूत करने की प्रेरणा देती है।




वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान राजपूत ने होली के शुभ अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह आपसी सम्मान, भाईचारे और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का उद्देश्य समाज को जोड़ना है, न कि विभाजन करना।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि होली का पर्व शांति, सद्भाव और जिम्मेदारी के साथ मनाएँ। किसी की भावनाओं को आहत न करें, जबरन रंग न लगाएँ तथा सार्वजनिक व्यवस्था और कानून का पूर्ण रूप से पालन करें।

श्री राजपूत ने कहा कि हमारी विविधता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और ऐसे पर्व समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। होली के रंगों की तरह ही हमारी सोच भी सकारात्मक, समावेशी और मानवीय होनी चाहिए।

अंत में उन्होंने प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही होली का पर्व सुरक्षा, शांति और आपसी सौहार्द के वातावरण में संपन्न हो सकता है।

# आर.वी. इण्टर कॉलेज वजीरगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली महोत्सव

## शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद के कस्बा वजीरगंज स्थित आर.वी. इंटर कॉलेज में होली का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने होली से संबंधित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने पारंपरिक होली गीतों और लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पूरा परिसर होली है के उल्लासपूर्ण माहौल से गूंज उठा। छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए और वातावरण पूरी तरह रंगमय हो गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव, क्षमा और भाईचारे का प्रतीक है। शिक्षकों ने बच्चों को प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करने तथा सुरक्षित एवं शालीन तरीके से होली मनाने की प्रेरणा दी।

विद्यालय के डायरेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि वे सुरक्षित, संयमित और पर्यावरण के प्रति सजग रहकर पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं और हमें इन अवसरों पर एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सहित शिक्षकगण शर्मा जी, दीपक शर्मा, विनोद शर्मा, सचिन पाठक, राहुल मौर्य, हिरदेश तिवारी, रावेंद्र उपाध्याय, रिंकू सिंह, आशीष शर्मा, मयंक सिंह, अर्चना शर्मा, दिव्या, आरती, डॉली, निशा, काजल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और रंगों की छटा बिखरी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश उपाध्याय ने महाविद्यालय सभागार में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें सभी शिविरार्थियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह ने उद्घाटन सत्र का संचालन किया।



उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रजनीश उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को ग्रामीण समाज की समस्याओं से रूबरू होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर छात्रों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है, जो उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। उपाध्याय ने साइबर क्राइम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करना शामिल है, जो युवाओं को सबसे अधिक प्रभावित करता है। बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, दो-कारक प्रमाणीकरण चालू रखें, और साइबर सेल की हेल्पलाइन 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा, उपाध्याय ने नारी शक्ति की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उन्हें शिक्षा, रोजगार व सुरक्षा के हर क्षेत्र में सशक्त बनाना आवश्यक है। दहेज उन्मूलन के संदर्भ में उन्होंने चेतावनी दी कि दहेज लेन-देन कानूनन अपराध है, जो परिवारों को बर्बाद कर देता है। उन्होंने छै स्वयंसेवकों से अपील की कि वे गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर नारी सशक्तिकरण और दहेजमुक्त समाज की दिशा में योगदान दें। मुख्य वक्ता व नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने निर्मल मन से सेवा कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से अपील की कि वे गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया।

# बी-पैक्स समिति से सोलर बैटरी व इन्वर्टर चोरी, सचिव ने कार्रवाई न होने का लगाया आरोप

**कादरचौक।** थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर स्थित बी-पैक्स सहकारिता समिति से सोलर पैनल सिस्टम की दो बैटरियां एवं एक इन्वर्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। सोसायटी सचिव रंजीत कुमार ने पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाया है। सचिव के अनुसार दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने समिति परिसर में लगे सोलर सिस्टम से दो बैटरियां और एक इन्वर्टर चोरी कर लिया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई तथा लिखित तहरीर भी सौंपी गई, लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों को भी मामले से अवगत करा दिया गया है। इस संबंध में थाना कादरचौक के थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। मामले की पुनः जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए गश्त बढ़ाई गई है तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है।

# खामेनेई की शहादत जुल्म व जालिम के आगे न झुकना दुनिया के सबक

## मैं आबिद रजा अयातुल्ला अली खामेनेई के जज्बे को सैल्यूट करता हूं

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** आज ईरान के सुप्रीम लीडर दुनिया के बहादुर नेता रहवर-ए-इंकलाव अब इस दुनिया में नहीं रहे, इसका अफसोस पूरी दुनिया में उन लोगो को है जो जालिम व जुल्म के सताये हुये है जो कौमे मैदान-ए-अमल में होती है, जनाजे वही उठते है। उनकी शहादत से दुनिया में यह पैगाम गया, अपनी जान की परवाह किये बिना, अपने नुकसान की परवाह किये बिना जालिम के आगे न झुकना दुनिया के लिए एक सबक है।



अयातुल्ला अली खामेनेई साहब 86 साल के थे लेकिन बहादुरी के लिये जिस्म और उमर भी आड़े नहीं आती, मैं हमेषा कहता हूँ इन्सान के पास दो चीजे होती है एक जिस्म, दूसरी उसकी रूह (उसकी आत्मा)। जिस्म की गिजा रिज्क होता है। ग्मामतबपेम से भी जिस्म को मजबूत बनाया जा सकता है, जिस्म में आदमी ताकतवर बनता है दूसरी चीज इन्सान की रूह उसकी गिजा ईमान होता है। आध्यात्मिकता होती है, रूह से मजबूत होने से आदमी बहादुर बनता है। खामेनेई साहब की उम्र भले ही 86 साल की थी लेकिन रूह बहुत मजबूत भी वह बहादुर थे।

जो अल्लाह से डरता है जो सर अल्लाह के आगे झुकता है उस सर को अल्लाह दुनिया में कमजोर नहीं होने देता, वह सर दुनिया में किसी आगे नहीं झुकने नहीं देता अल्लाह ताला ने खामेनेई का सर किसी के आगे झुकने नहीं दिया उस सर को अपने पास बुला लिया। कयामत तक उस सर का नाम दुनिया में जिन्दा रखेगा। मौत की भी एक काट है लोगो के जहन में जिन्दा रहना सीख लो। जो लोग जालिम के आगे मजलूम की आबाज उठाते है, जुल्म के खिलाफ लड़ते है, गरीब मजबूत ताकतवर से लड़ते है, उनकी ताकतवर लोग ताकत के बल पर उनकी जान तो ले सकते है, उनकी जिन्दगी तो छीन सकते है लेकिन ऐसे लोग मरते नहीं शहीद होते है, और शहीद होकर लोगो के जहन में जिन्दा हो जाते है। आज खामेनेई साहब मरे नहीं है शहीद हुये है पूरी दुनिया जब तक कायम रहेगी लोगो के जहन में जिन्दा रहेगे। दुनिया का ताकतवर मुल्क अमेरिका दुनिया में गुण्डागर्दी की बुनियाद पर ताकतवर बना हुआ है, सारी दुनिया के मुल्क व दुनिया के लीडर बेइज्जत होने के वाबजूद अमेरिका व ट्रंप से दुषमनी मोल नहीं लेना चाहते लेकिन खामेनेई साहब भी अमेरिका और ट्रंप से समझौता कर सकते थे, अच्छी जिन्दगी गुजार सकते थे, लेकिन उन्होने अमेरिका व ट्रंप के खिलाफ जंग लड़ना चुनकर जिन्दगी नहीं, मौत चुनी मैं आबिद रजा खामेनेई साहब के जज्बे को सलाम करता हूँ।

खामेनेई साहब की शहादत जालिमों के खिलाफन झुकना दुनिया के लिए सबक है।

## छेड़छाड़ के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया

**बदायूं।** जनपद में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कादरचौक पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा० बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस ने छेड़छाड़ के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना कादरचौक पर पंजीकृत मु०अ०सं० 46/2026 में धारा 65(2)/333/351(3) बीएनएस एवं 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी रोहित पुत्र विजेंद्र, निवासी ग्राम कूरखेड़ा, थाना कादरचौक, जनपद बदायूं के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया था। दिनांक 27 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की और माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## संपादकीय

## मध्यपूर्व की जंग और विश्व व्यवस्था पर मंडराता संकट



पश्चिम एशिया में छिड़ी इजराइल अमेरिका और ईरान के बीच की भीषण सैन्य टकराहट ने वैश्विक राजनीति को अस्थिर कर दिया है। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के रणनीतिक ठिकानों पर की गई एयरस्ट्राइक तथा उसके जवाब में ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों ने पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक दिया है। खाड़ी क्षेत्र के कई देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाए जाने से यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा बल्कि बहुस्तरीय क्षेत्रीय युद्ध का रूप लेता दिखाई दे रहा है। यदि यह टकराव लंबा खिंचता है तो इसके दूरगामी प्रभाव पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे। आगे की स्थिति बेहद संवेदनशील है। ईरान यदि होर्मुज जलडमरूमध्य पर दबाव बनाता है तो ऊर्जा आपूर्ति की वैश्विक धमनियां प्रभावित होंगी। यह मार्ग विश्व के बड़े हिस्से के कच्चे तेल और एलएनजी की आपूर्ति का मुख्य रास्ता है। यदि इस मार्ग पर सैन्य गतिविधि बढ़ती है या आवागमन बाधित होता है तो ऊर्जा संकट गहरा सकता है। इससे न केवल तेल की कीमतों में उछाल आएगा बल्कि परिवहन लागत और उत्पादन लागत भी बढ़ेगी। ऊर्जा पर निर्भर उद्योगों में महंगाई का दबाव बढ़ेगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ सकती है।

व्यापार पर इसका असर बहुआयामी होगा। खाड़ी क्षेत्र एशिया यूरोप और अफ्रीका के बीच एक प्रमुख व्यापारिक सेतु है। दुबई दोहा रियाद जैसे शहर अंतरराष्ट्रीय व्यापार और लॉजिस्टिक्स के बड़े केंद्र हैं। यदि हवाई क्षेत्र बंद होते हैं और समुद्री मार्ग असुरक्षित होते हैं तो कंटेनर शिपिंग और एयर कार्गो पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जहाजों को लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ेगा जिससे समय और लागत दोनों बढ़ेंगे। वैश्विक सप्लाई चेन जो पहले ही महामारी और अन्य भू राजनीतिक संकटों से जूझ चुकी है वह फिर से बाधित हो सकती है। इलेक्ट्रॉनिक्स ऑटोमोबाइल फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य तेल जैसे क्षेत्रों में कीमतें बढ़ने की आशंका है। भारत जैसे देशों के लिए स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक हो सकती है क्योंकि ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। यदि तेल की कीमतें तेजी से बढ़ती हैं तो चालू खाता घाटा और मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ेगा। सरकारों को ईंधन सब्सिडी या करों में राहत देने जैसे कदम उठाने पड़ सकते हैं जिससे राजकोषीय संतुलन प्रभावित होगा। साथ ही खाड़ी देशों में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और उनकी आय पर भी असर पड़ सकता है जिससे रेमिटेंस में कमी आ सकती है। डॉलर की कीमत पर भी इस युद्ध का गहरा प्रभाव पड़ सकता है। परंपरागत रूप से वैश्विक संकट के समय निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर भागते हैं और अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जाता है। इसलिए शुरुआती चरण में डॉलर की मांग बढ़ सकती है जिससे अन्य मुद्राओं के मुकाबले उसकी कीमत मजबूत हो सकती है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राएं दबाव में आ सकती हैं और उनके केंद्रीय बैंकों को विनिमय दर स्थिर रखने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ सकता है। हालांकि यदि युद्ध लंबा चलता है और अमेरिका सीधे बड़े पैमाने पर सैन्य संलिप्तता बढ़ाता है तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भी राजकोषीय दबाव बढ़ेगा। रक्षा व्यय में वृद्धि और वैश्विक व्यापार में गिरावट का असर अमेरिकी विकास दर पर पड़ सकता है जिससे दीर्घकाल में डॉलर की मजबूती सीमित हो सकती है। सोना और अन्य सुरक्षित निवेश साधनों में तेजी देखने को मिल सकती है। निवेशक जोखिम से बचने के लिए शेयर बाजार से पूंजी निकालकर सुरक्षित परिसंपत्तियों में निवेश कर सकते हैं। इससे शेयर बाजारों में गिरावट और अस्थिरता बढ़ेगी। तेल उत्पादक देशों की आय बढ़ सकती है यदि कीमतें ऊंची रहती हैं लेकिन आयातक देशों के लिए यह महंगाई और आर्थिक दबाव का कारण बनेगा। वैश्विक केंद्रीय बैंक ब्याज दरों की नीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर हो सकते हैं क्योंकि एक ओर महंगाई का खतरा होगा और दूसरी ओर विकास दर में गिरावट का जोखिम। राजनीतिक स्तर पर भी इस संघर्ष के दूरगामी परिणाम होंगे। यदि रूस और चीन जैसे देश अप्रत्यक्ष रूप से ईरान का समर्थन करते हैं और पश्चिमी देश इजराइल के साथ खड़े रहते हैं।

# किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या अत्यंत गंभीर



**लेखक: डा. प्रितम भी. गेडाम**

आज के आधुनिक युग में मनुष्य जिस प्रकार से खुद को उन्नत महसूस कर रहा है, उससे ज्यादा खुद को समस्याओं में घिरा पा रहा है, इसमें विशेष है मानसिक स्वास्थ्य समस्या। हर उम्र के लोग कभी न कभी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से रूबरू होते है या हुए है, सुख-शांति बस नाम की नजर आती हैं। ऐसा लगता है, जैसे हर कोई किसी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जी रहा हैं। आजकल किशोरवयीन बच्चों में भी मानसिक स्वास्थ्य समस्या का विषय बेहद घातक स्तर पर पहुंच गया हैं। किशोरों में लगातार बढ़ता आपराधिक ग्राफ भी गंभीर नजर आता है, इस उम्र के बच्चों में गुस्सा, चिड़चिड़ापन, तनाव, द्वेष, सहनशीलता की कमी, सोशल मीडिया की लत, नशाखोरी जैसी समस्या तेजी से बढ़ी हैं। हम अक्सर किशोरों द्वारा किये जानेवाले घटनाओं और कृत्यों को जानकर दंग रह जाते है कि, अभिभावकों ने केवल डांटा तो किशोरवयीन बच्चे आत्महत्या या खुद को हानि पहुँचाते, घर से भाग जाना या अनुचित कदम उठाने जैसे अपराध करते है, संगीन अपराधों के लिए बड़े अपराधियों जैसी गैंग बनाकर घूमते हैं। चोरी, डकैती, तस्करी, बलात्कार, खून, जानलेवा हमला करने जैसे गंभीर गुनाहों में भी किशोरवयीन बच्चे लिप्त होने की घटनाएं हैं। स्कूली बच्चों द्वारा अपने शिक्षक पर भी जानलेवा हमले करने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। कम उम्र में ही गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, नशाखोरी, झूठा दिखावा करना, बात-बात पर झूठ बोलना, संस्कारों की कमी, नैतिकताहीन, चरित्रहीनता, अश्लीलता, फूहड़ता ने समाज में जहर घोल दिया हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए मर्यादाओं को लांघकर बेशर्मी का चोला पहनकर अनेक युवा जिंदगी बर्बाद कर चुके हैं।

दूसरी ओर अभिभावकों का अपने बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों पर अँधा भरोसा, बच्चों को समय न देना, बच्चों को पोषक वातावरण न देना, बच्चों से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना, प्रतियोगिता का माहौल बनाना, बच्चों पर दबाव डालना या बच्चों की भावनाओं को अभिभावकों द्वारा न समझना, बुरी संगत, बच्चों का जीवन में बुरी बातों या घटनाओं का विरोध करने से डरना, किसी खौफके साये में जीना भी आजकल किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य की वजह हैं। किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 2 मार्च को ष्विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवसष् मनाया जाता है, यह दिवस जागरूकता बढ़ाने, स्टिग्मा को कम करने, चिंता और तनाव, अवसाद जैसी किशोरवयीन स्वास्थ्य चुनौतियों के बारे में खुली बातचीत को बढ़ावा देने और साथ ही स्वरूदेखभाल नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देता हैं। इस साल २०26 की थीम ष्किशोरवयीन विद्यार्थियों को उनके स्कूलों में स्वास्थ्यवर्धक कल्याणकारी उपक्रम हेतु नेतृत्व करने के लिए मजबूत बनानाष् यह हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, किशोरवयीन बच्चे शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक बदलावों की वजह से मानसिक स्वास्थ्य समस्या के शिकार हो जाते है, जिसमें गरीबी, गलत व्यवहार या हिंसा शामिल हैं। इन्हें ऐसी समस्याओं से बचाकर बेहतर जीवन के लिए आवश्यक पोषक वातावरण निर्माण कर देना बेहद जरुरी हैं। ऐसा अनुमान है कि, दुनिया भर में, 1०-19 साल की उम्र के हर सात में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का शिकार है, यह दुनिया भर में होने वाली कुल बीमारियों का 15 प्रतिशत है, फिर भी इन समस्या को ज्यादातर पहचाना नहीं जाता और उनका इलाज नहीं किया जाता। जिंदगी भर होने वाली सभी मानसिक बीमारियों में से आधी 14 साल की उम्र में शुरू हो जाती हैं। ऐसे मानसिक समस्या वाले बच्चे सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव, कलंक पढ़ाई में मुश्किल, जोखिम लेने का व्यवहार, शारीरिक बीमारी और मानवाधिकारों के उल्लंघन के शिकार होते हैं। व्यवहार संबंधी मानसिक विकार बड़े किशोरों की तुलना में छोटे किशोरों में ज्यादा आम हैं। किशोरवयीन बच्चों में बीमारी और विकलांगता के मुख्य कारण डिप्रेशन, एंग्जायटी और बिहेवियरल डिसऑर्डर हैं। 15-29 साल के बच्चों में आत्महत्या मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार सुविधा न मिलने के कारण उनके बड़े होने पर उन्हें समाज, परिवार में योग्य स्थान प्राप्त नहीं मिल पाता, जिसके कारण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक संघर्षों का सामना करना पड़ता हैं। अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, कंडक्ट डिसऑर्डर, बिहेवियरल डिसऑर्डर किशोरों की पढ़ाई पर असर डालकर क्रिमिनल बिहेवियर का खतरा बढ़ा सकते है।

# यह युद्ध नहीं, मानवता का सार्वजनिक दाह-संस्कार है

मध्य पूर्व की धरती आज बारूद नहीं, मानो जलती हुई मानवता की गंध से भर उठी है। अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच यह अब केवल सीमाओं का टकराव नहींकृखामेनेई के नाम के साथ सिमटती ईरानी सत्ता ने दुनिया की हर धड़कन पर अनिश्चितता का ट्रिगर दबा दिया है। बस एक चिंगारी, और सभ्यता विश्व युद्ध की अंधी खाई में धकेली जा सकती है। शहर धधकती चिताओं में बदल रहे हैं, आसमान में मिसाइलें हैं, और जमीन पर मासूमों का लहू। इसके बावजूद वैश्विक मंचों पर शब्दों का धुआँ उठता है, संकल्पों की राख उड़ती है, पर साहस की ज्वाला कहीं नहीं दिखती। हमारी चुप्पी इस हिंसा की सबसे भरोसेमंद संरक्षक बन चुकी है। हम सुरक्षित कमरों में बैठकर दृश्य देखते हैं, यह भूलकर कि लपटें कभी दीवारों और नक्शों से नहीं डरतीं। सवाल गूंजता है, आखिर हम चाहते क्या हैं? शांति, या ऐसा भविष्य जहाँ बच्चों की पहली आवाज रोने की नहीं, धमाकों की हो?

मानवीय संकट का यह चेहरा किसी भी जीवित अंतरूकरण को तोड़ देने के लिए पर्याप्त है। अस्पतालों में दवाओं से ज्यादा चीखें हैं, शरण शिविरों में उम्मीद से ज्यादा हताशा पसरी है। माताएँ अपने बच्चों को सीने से चिपकाए आग बरसाते आसमान को ताकती हैं, जैसे ईश्वर से उत्तर मांग रही हों, क्यों? इजराइल की गलियों में सायरनों की तीखी पुकार है, ईरान के मुहल्लों में धुएँ का घना अंधकार, और अमेरिकी सैनिकों की आँखों में डगमगाता विश्वास। यह केवल भूगोल की जंग नहीं, यह आने वाले कल का योजनाबद्ध संहार है। शरणार्थियों की पंक्तियाँ सीमाएँ पार कर रही हैं, अर्थव्यवस्थाएँ काँप रही हैं, और पर्यावरण जहरीले धुएँ में घुट रहा है। फिर भी विश्व समुदाय की प्रतिक्रिया नपी-तुली, कूटनीति में कैद और संवेदना से रिक्त दिखाई देती है। क्या हमारी संवेदनाएँ इतनी सस्ती हो चुकी हैं कि आँकड़ों में बदलती लाशें हमें सामान्य लगने लगी हैं?

हम सब अपने-अपने धर्मों को श्रद्धा से मानते हैं, अपने-अपने पवित्र ग्रंथों को आदर से पढ़ते और सुनते हैं। कोई कुरान की आयतों में रहमत खोजता है, कोई बाइबिल में प्रेम का आलोक, कोई तोराह में न्याय की पुकार, कोई गीता में कर्तव्य का मार्ग। हर ग्रंथ करुणा, संयम और मानवता की बात करता है। फिर यह कैसा रास्ता है जिस पर चलकर हम खून की धाराओं को बहने दे रहे हैं? यदि ईश्वर एक है, तो उसके नाम पर उसके बंदे इतने टुकड़ों में क्यों बंटे हैं? यदि प्रार्थनाएँ शांति के लिए उठती हैं, तो फैसले युद्ध के पक्ष में क्यों गिरते हैं? हम धर्म को अपनी पहचान की ढाल बना लेते हैं, पर उसके मूल संदेश को पीछे छोड़ देते हैं। आखिर हम चाहते क्या हैंकृईश्वर की सच्ची उपासना या सत्ता की प्यास में इंसानियत की आहुति?

वैश्विक चुप्पी का यह अपराध समय की दीवारों पर दर्ज होकर रहेगा। संयुक्त राष्ट्र की बैठकों में शब्द गूँजते हैं, प्रस्ताव बनते हैं, पर धरती पर गोलियों की बरसात थमती नहीं। शक्तिशाली राष्ट्र अपने-अपने हितों की शतरंज बिछाए बैठे हैं, कोई तेल की चाह में, कोई प्रभुत्व की लालसा में, कोई सुरक्षा के आवरण में। मीडिया कुछ दिन कोलाहल करता है, फिर अगली सनसनी की ओर मुड़ जाता है। सोशल मीडिया पर हैशटैग उफान लेते हैं, पर बदलाव की ठोस लहर नहीं उठती। क्या 1945 के बाद जिस शांति का संकल्प लिया गया था, वह केवल इतिहास की किताबों तक सिमट गया? परमाणु आशंका की छाया फैल रही है, आतंक की जड़ें और गहरी हो रही हैं। हमारी चुप्पी इस धधकती आग को निरंतर हवा दे रही है। दुनिया की जवाबदेही केवल सत्ताओं की चौखट तक सीमित नहीं, वह हर नागरिक के विवेक पर भी टिकी है। हम चुनावी मंचों पर विकास की दुहाई देते हैं, पर युद्ध को कभी निर्णायक प्रश्न नहीं बनाते। सस्ते ईंधन पर मुस्कुराते हैं, पर उसकी कीमत में घुली रक्तरंजित राजनीति पर चुप्पी साध लेते हैं। हथियारों के सौदे बढ़ते हैं, और हम शेयर बाजार की छलांग पर तालियाँ बजा देते हैं। क्या सच में हम निर्दोष हैं? हर खरीदी गई सुविधा, हर टाला गया प्रश्न, हर अनदेखा अन्याय इस त्रासदी की जंजीर की एक कड़ी है। यदि शांति हमारी सच्ची चाह है, तो हमारी आवाज नीतियों के दरवाजे तक पहुँचनी ही होगी। वरना आने वाली पीढ़ियाँ कठोर स्वर में पूछेंगी, जब पृथ्वी धधक रही थी, तब आप किसके साथ खड़े थे? भावनाओं की उस आग को महसूस कीजिए जो हर विस्फोट के साथ दिलों में भड़क उठती है। एक ईरानी माँ की चीख, एक इजराइली बच्चे की सहमी हुई आँखें, एक अमेरिकी सैनिक का मौनकृ इन सबमें एक ही मानव पीड़ा है। दर्द का कोई मजहब नहीं, आँसू की कोई सीमा नहीं होती। सभ्यताएँ दरक रही हैं, पीढ़ियाँ आघात के साये में बड़ी हो रही हैं। यह टकराव केवल वर्तमान को नहीं, आने वाले दशकों को भी घायल कर रहा है। क्या हम इतने पत्थर हो चुके हैं कि परायी पीड़ा हमें हिला नहीं पाती? या हमने अपने भीतर की करुणा को सुविधाओं के बदले बेच दिया है? आखिर हम चाहते क्या हैं-ऐसी विरासत जहाँ नफरत ही अगली पीढ़ी की पहचान बने? यह समय केवल शोकगीत गाने का नहीं, आत्ममंथन का है। यदि संकल्प हो तो संवाद किसी भी बम से अधिक प्रभावशाली हो सकता है।

**लेखक:**
**आर. के. जैन**

## खेल-खिलाड़ी

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाबजूद भी खुश हैं सिकंदर

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे की टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपनी टीम को लेकर बड़ा बयान दिया। रजा ने अपनी टीम पर गर्व किया और बताया कि वे अगले वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। उनके लिए क्वालीफायर न खेलना सबसे बड़ी उपलब्धि है।

जिम्बाब्वे की टीम ने टी2० वर्ल्ड कप 2०26 में ग्रुप स्टेज में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराया और फिर श्रीलंका को भी मात दी। सिकंदर रजा की अगुवाई वाली टीम ग्रुप स्टेज में एक भी मैच नहीं हारी थी और सुपर-8 के लिए क्वालीफाई किया था। हालांकि, वे सुपर-8 में एक भी मैच नहीं जीत सके लेकिन रजा को इसके बाद भी अपनी टीम पर गर्व है।



साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में बात करते हुए सिकंदर रजा ने कहा, ष्सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करना बहुत ही अच्छा था। क्वालीफायर के बिना अगले वर्ल्ड कप में खेलना एक बड़ी उपलब्धि है। सुपर-8 में हम कई सारे मैच हारे हैं लेकिन मुझे ये विश्वास है कि हमने बहुत कुछ सीखा है। पहले मैच के बाद हम बेहतर हुए, दूसरे मैच के बाद और भी बेहतर हुए। मैं अपनी टीम को देखता हूं, तो एक कप्तान के तौर पर इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकता। मुझे इन लड़कों पर बहुत गर्व है।

रजा ने आगे कहा, एक कप्तान के तौर पर मुझे इन लड़कों पर बहुत गर्व है क्योंकि हम हर मैच में बेहतर होते गए हैं। उम्मीद है कि अगर हम अगले टूर्नामेंट में आएंगे, तो और बेहतर खेल दिखाएंगे। मुझे लगता है कि हम यहां अच्छा कर रहे हैं और हमने अपने देश के लोगों में उम्मीद जगा दी है। मुझे लगता है कि माता-पिता को अपने बच्चों को क्रिकेट खेलने की अनुमति देंगे ताकि हम और भी अच्छी टीम बन सकें। जिम्बाब्वे को सबसे पहले खिलाड़ियों को समूह को बेहतर बनाना है। जिम्बाब्वे ने टी2० वर्ल्ड कप 2०26 में अपने सफर की शुरूआत ओमान के खिलाफ की थी। इस मुकाबले में उन्होंने 8 विकेट से जीत हासिल की। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से और श्रीलंका को 6 विकेट से हराया। इसी के साथ अपने ग्रुप में टॉप कर सुपर-8 में जगह बनाई। सुपर-8 में उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ हुआ था।

# कप्तानी छोड़ेंगे या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हटायेगा

**नई दिल्ली।** टी2० विश्वह कप 2०26 में शनिवार को एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तागन ने श्रीलंका को 5 रन से मात दी। इसके बाद भी पाकिस्तालन का विश्वश कप में सफर समाप्त हो गया। बेहतर रन रेट के कारण न्यूमजीलैंड टीम ने सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

वहीं सह मेजबान इंग्लैंड टीम पहले ही एलिमिनेट हो चुकी थी। सेमीफइनल की रेस से बाहर होने के बाद पाकिस्ता न के कप्ता न सलमान अली आगा से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछा गया कि क्या वह कप्तानी से इस्तीफा देंगे या उन्हें पद से हटा दिया जाएगा।

अभी कोई फैसला नहीं लिया आगा ने बस मुस्कुराते हुए



जवाब दिया, अभी कोई फैसला लेना पूरी तरह से भावनात्मक होगा। हम घर लौटेंगे, दो-चार दिन का समय लेंगे और फिर आगे की कार्रवाई तय करेंगे। पाकिस्तान ने भले ही टी2० विश्व कप 2०26 में जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया हो, लेकिन टूर्नामेंट के दौरान टीम का ओवरऑल प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। आगा से कोच माइक हेसन के फैसलों के बारे में भी पूछा गया। एक रिपोर्टर ने पूछा, माइक हेसन ही कप्तान बनाते हैं और हटाते हैं। चयन में उनका काफी प्रभाव होता है और प्लेइंग इलेवन पर भी उनकी राय मायने रखती है। क्या आपको लगता है कि वे ज्यादा हावी हो रहे हैं और आपको सिर्फनाम का कप्तान बना रहे हैं?

उन्होंने कहा, ष्समस्या यह है कि अगर मैं इसका जवाब नहीं दूंगा, तो आप इसे अपमान समझेंगे। मेरी बात सुनिए। जब कोई टीम बनती है, तो वह एक टीम गेम होता है। यह किसी एक व्यक्ति के फैसले से नहीं बनती। यह सभी स्टेकक होल्डटर्स के फैसलों का नतीजा होता है। बाबर की इस विश्व कप में एक अलग भूमिका थी। उन्होंने कहा, वह नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते थे। उनके पास बेहतर अनुभव था। हमें एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो मिडिल ऑर्डर में आकर टीम को स्थिरता दे सके और हमें बिखरने से बचा सके। उनकी भूमिका अलग थी। जब आप विश्व कप में आते हैं।

## अंतर्मन की होली

रंगों का पर्व आया पर इस बार कुछ अलग था,
चेहरे कम, मन अधिक रंगने का ये संकल्प था।

सूने कोनों में जमी हुई जो धूल थी बरसों की,
आज हवा ने छेड़ दी बातें उन अधूरे किस्सों की।

एक मुट्ठी गुलाल उठाकर जब आकाश की ओर उछाला,
लगा जैसे भीतर बैठे अहं ने खुद को टटोला।

भीग गई जब देहरी भीगे मन के संशय भी,
रंगों ने चुपके से धो डाले अंतर के भय भी।

हँसी की हल्की रेखा में गहरी करुणा बहती थी,
हर स्पर्श में जैसे कोई मूक कथा कहती थी।

होली ने कानों में धीमे से बस इतना कहा,
रंग तो क्षणिक हैं पर प्रेम शाश्वत रहता है सदा।



**लेखिका: प्रतिमा पाठक, दिल्ली**

**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-2436०1**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***

# बारात घर से जनरेटर ऐनटीलेटर चोरी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** शनिवार की रात्रि में थाना बहजोई क्षेत्र के गांव पंवासा में आए दिन अज्ञात चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं पुलिस चोरों पकड़ने में नाकाम दिखाई दे रही है क्षेत्र में चोरी घटनाओं को लेकर दहशत का माहौल है और चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। पंवासा क्षेत्र में तीन माह के अंदर चोरों ने किसानों के नलकूपों से स्टार केविल की घटनाओं व घर में ताले तोड़कर ब्लॉक में कंप्यूटर व प्रिंटर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे दिया पर पुलिस चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम रही जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर एक दहशत का माहौल बना हुआ है। अज्ञात चोर घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहे हैं पर पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम दिखाई दे रही है क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर एक दहशत का माहौल बना हुआ है। थाना बहजोई क्षेत्र के पंवासा में पंवासा किरारी रोड पर शासन स्तर से सद्भावना मंडल बरातघर का निर्माण चल रहा है शनिवार की देर रात बारात घर मे अज्ञात चोरों ने जनरेटर से ईनटीलेटर चोरी कर ले गए जब रविवार की सुबह मजदूर काम करने के लिए बारात घर पहुंचे तब जनरेटर से इंटीलेटर चोरी हुआ देखकर मजदूरो ने ठेकेदार नौशाद को सूचना दी ठेकेदार ने मौके पर पहुंच।

# कुल्लू जिले के जाणा में गिरी बोलेरो कैंपर



**शिमला।** ऊझी घाटी के तहत आने वाले जाणा में एक बोलेरो कैंपर अनियंत्रित होकर सड़क से 1०० मीटर नीचे गिरी है। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। तीन युवक घायल हैं, जिनका क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचार चल रहा है। सभी जाणा फागली से वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को देवता जीव नारायण के सम्मान में जाणा गांव में फागली थी। फागली में सौर के देवता आजीमल नारायण भी शामिल होने के लिए गए थे। जाणा से देर रात कैंपर में सवार होकर सभी जाणा से सौर गांव की ओर निकले। जाणा से कुछ ही शनिवार देर रात करीब 3रू3० बजे कैंपर अनियंत्रित हो गई। कैंपर को अविनाश 2०, पुत्र भगवान दास, गांव सौर, डाकघर कराडसू, तहसील व जिला कुल्लू चला रहा था।

कैंपर सड़क से करीब 1०० मीटर एक घर की छत के पिछले हिस्से में जाकर रूक गई। हादसे के बाद सभी को चोटें आई। इन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से उपचार के लिए लाया गया। इस बीच डॉक्टर ने अविनाश 2०, पुत्र भगवान दास, गांव सौर, डाकघर कराडसू, तहसील व जिला कुल्लू और सोनम कुमार 23 पुत्र भूमि प्रकाश, गांव सौर, डाकघर कराडसू, तहसील व जिला कुल्लू की मौत हो गई। हादसे में घायल हेमराज 18, निवासी सौर, विवेक 2० निवासी कोटाधार, विजय 19 निवासी सौर का उपचार चल रहा है। हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर है। घटना के बाद सौर गांव में शोक पसर गया है। दो युवकों की एक ही दिन में मौत होने के बाद गांव में सन्नाटा है। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी हादसे में मरने वाले परिवारों के प्रति संवेदना जताने के लिए कुल्लू अस्पताल में पहुंचे। विधायक मनाली और पूर्व नग्गर खंड बीडीसी चेयरमैन खेख राम ठाकुर ने हादसे पर शोक प्रकट किया है।

# 242वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ०5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 242वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

मेला सत्रों पर 38 चिकित्सकों एवं 128 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2493 रोगियों (पुरुष रोगी- 12०9य महिला रोगी- 892 एवं 392 बच्चों) का नि:शुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 126 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 277, चर्म रोग के 485, दमा के 357, मधुमेह रोग के 1०2, नेत्र रोग से सम्बन्धित 14, उच्च रक्तचाप के 78 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 32 मरीजों की मलेरिया की तथा 11 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी। जिसमें सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट ऋणात्मक रही।जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से एक काउन्टर बनाये गये। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 179 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# सांसद सतीश गौतम ने होली मिलन समारोह किया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** विद्यानगर स्थित सांसद सतीश कुमार गौतम जी द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनता, जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के रंगों से सराबोर इस उत्सव में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। सांसद जी ने जनता के बीच पहुँचकर आशीर्वाद लिया और कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पूरा कार्यालय परिसर होली है के जयघोष और फूलों व गुलाल की बौछार से सराबोर नजर आया। सांसद सतीश गौतम ने उपस्थित जनता और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि होली का यह पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है।

कार्यकर्ताओं के उत्साह ने इस उत्सव को और भी खास बना दिया है। समारोह में आए लोगों के लिए विशेष जलपान और रंगों का प्रबंध किया गया था। भारी भीड़ के बावजूद कार्यक्रम बेहद अनुशासित और उल्लासपूर्ण रहा।

## सार-संक्षेप

### उच्च प्राथमिक विद्यालय होड़लपुर में होली का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज** विद्यालय के अध्यापक अरुण प्रताप सिंह ने होली मनाने के कारण तथा त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि होली सौहार्द और प्रेम का त्योहार है। जिसे सभी धर्मों के लोग आपसी भेदभाव भूलकर प्रेम के साथ मनाते हैं। इसके साथ ही होली में होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कहा कि बच्चों को होली में पक्के रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। सूखे रंगों से होली मनानी चाहिए तथा पानी के गुब्बारे आदि नहीं फेंकने चाहिए। इसके साथ ही सभी बच्चों ने बहुत ही हर्षोल्लास से होली मनाई। तत्पश्चात सभी बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका मिथलेश कुमारी, सुनील कुमार तथा अरविंद कुमार पाल उपस्थित रहे।

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर फंसे विदेशी पर्यटक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**हिमाचल प्रदेश।** इजराइल-ईरान विवाद और खाड़ी देशों पर हमले की वजह से हवाई उड़ानें बाधित हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट पर विदेशी पर्यटक फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं लेकिन उनकी फ्लाइट दिल्ली से कैंसिल हो चुकी है। ऐसे में पर्यटक फिलहाल कांगड़ा में ही इंतजार कर रहे हैं कि कब हवाई सेवाएं शुरू होंगी और कब वे अपने देश पहुंच पाएंगे। इजराइली टूरिस्ट जेला ने कहा कि मुझे इजराइल जाना था, लेकिन मेरी फ्लाइट कैंसिल हो गई, इसलिए मैं अभी यहीं रह रही हूं जब तक मुझे घर वापस जाने का कोई रास्ता नहीं मिल जाता। मैं बस यही मैसेज दे सकती हूं कि पूरी इंसानियत एक है। मेरी सबसे गहरी दुआ शांति के लिए है।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का सुक्खू सरकार के खिलाफ हल्ला बोल



**शिमला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने रविवार को शिमला के चौड़ा मैदान में अपनी मांगों को लेकर आग्रह रैली की। रैली में शिमला जिले के सभी 21 शिक्षा खंडों के शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों ने प्रदर्शन के माध्यम से बीते वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा जारी नई परिसर प्रणाली ( क्लस्टर सिस्टम) संबंधी अधिसूचना को वापस लेने की मांग उठाई। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 23 सितंबर 2०25 की अधिसूचना में प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन प्रिंसिपल को दे दिया गया है, जो प्राथमिक शिक्षकों के हितों के खिलाफहै। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 1984 से प्राथमिक शिक्षा का अलग ढांचा कार्य कर रहा है और अलग क्लस्टर प्रणाली के तहत प्रशासनिक व्यवस्था संचालित होती रही है। नई व्यवस्था लागू होने से कार्य केंद्रीकृत हो जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्राथमिक शिक्षकों को दोहरी प्रशासनिक इकाइयों के अधीन करने जैसा है और भविष्य में प्राथमिक शिक्षा ढांचे को कमजोर कर सकता है। संघ ने कहा कि जेबीटी शिक्षकों ने इन मुद्दों को लेकर कई बार शिक्षा मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने जेबीटी शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखने के आश्वासन दिए। लेकिन मंत्री के आश्वासन के बाद भी विभाग ने उनके आश्वासन के विपरीत इस अधिसूचना को जारी किया है। शिक्षकों ने कहा कि रैली के बाद शिक्षक जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर अधिसूचना तुरंत वापस लेने की मांग करेंगे।

शिक्षकों ने बताया कि आज प्रदेश भर में जिला स्तर पर आग्रह रैली का आयोजन किया जा रहा है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय जल्द वापस नहीं लिया गया तो हिमाचल प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव हेम प्रकाश वर्मा, कैशियर विजय भीमटा समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हमीरपुर ने नव परिसर प्रणाली पर जारी अधिसूचना के दिशा निर्देशों को वापस लेने की मांग की। इस संदर्भ ने शिक्षकों ने गांधी चौक पर आग्रह रैली का आयोजन किया। संघ के प्रधान देशराज शर्मा, महासचिव कुशल कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग ने 23 सितम्बर 2०25 को अधिसूचना जारी की। इसमें प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण व संचालन प्रिसिपल को दे दिया गया है, जो कि प्राथमिक शिक्षकों के हितों के साथ कुठाराघात है।

# होली का अवकाश, 5 मार्च को खुलेंगे कोर्ट



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ दीवानी न्यायालय में 28 फरवरी से अवकाश हो गया। अब न्यायालय 5 फरवरी को खुलेंगे। इसके चलते 27 फरवरी को ही सभी मामलों में 5 मार्च या उसके आगे की सुनवाई नियत की गई है।

हाईकोर्ट के निर्देश पर दीवानी में 4 मार्च तक का अवकाश नियत किया गया है। इधर, इसी क्रम में दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को भी 5 मार्च को दीवानी खुलने के बाद ही शपथ ग्रहण कराई जाएगी। इसके लिए कार्यक्रम निर्वाचन अधिकारी चौधरी जितेंद्र सिंह द्वारा तय किया जाएगा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। धनारी थाना क्षेत्र के खजरा छपरा मोड़ पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान धनारी थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ़ निवासी 38 वर्षीय शकील पुत्र हफीज के रूप में हुई है। घायलों में शकील की मां 65 वर्षीय भूरी पत्नी हफीज, 27 वर्षीय समीना पत्नी मोहम्मद रफीक और 4० वर्षीय रहबर अली पुत्री मुंशी शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने शकील को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

मृतक के भाई नौशाद ने पुलिस को बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से उनके भाई शकील की मौत हुई है और परिवार के अन्य सदस्य घायल हुए हैं। धनारी थाना प्रभारी संजय कुमार ने पुष्टि की कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भव्य होली मिलन समारोह में पवित्र पावन धरती पर रच दिया एक नया इतिहास



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**काशीपुर।** देवभूमि के यशस्वी एवं विकास की दूरदर्शी सोच रखने वाले युवा हृदय सम्राट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज काशीपुर में भव्य होली मिलन समारोह में शामिल हो इस पवित्र पावन धरती पर एक नया इतिहास रच दिया। वह पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने काशीपुर में महापौर दीपक बाली द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होकर दिखा दिया कि वह काशीपुर की जनता से अथाह प्यार करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस शानदार कार्यक्रम में मुझे मिनी इंडिया के दर्शन हो रहे हैं उन्होंने काशीपुर और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर जिस शानदार तरीके से मेरा स्वागत किया उससे मुझे एक नई ऊर्जा मिली है और उस ऊर्जा से मैं प्रदेश का और तेजी से विकास करूंगा। इस शानदार कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री धामी ने महापौर दीपक बाली और उनके सहयोगियों तथा संयोजक मंडल को बधाई दी। काशीपुर नगर निगम प्रांगण में आज होली मिलन कार्यक्रम श्रंगोत्सवष्का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक गायकों व होल्यारों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए अबीर-गुलाल लगाकर काशीपुर वासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। महापौर दीपक बाली द्वारा निजी तौर पर आयोजित इस श्रंगोत्सव कार्यक्रम में उत्तराखंड की लोक-संस्कृति को आगे बढ़ाते आ रहे लोक गायक इंदर आर्या, गोविंद दिगारी, खुशी जोशी, पूर्वांचल के गायक आलोक कुमार के अतिरिक्त फूलों की होली के लिए विख्यात ब्रज के रास कलाकारों की लोक परंपराओं पर आधारित होली गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। मुख्य चौराहे से लेकर नगर निगम प्रांगण स्थित कार्यक्रम आयोजन स्थल तक विविध सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में पारंपरिक लोकधुनों पर मुख्यमंत्री श्री धामी भी ब्रज के रास कलाकारों और होल्यारों के साथ झूमते नजर आए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और आत्मीयता का वातावरण और भी प्रफुल्लित हो उठा। समारोह में स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की, जिससे यह आयोजन प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता में एकता तथा सामाजिक सहभागिता की भावना का जीवंत उदाहरण बना, जिसने आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। होली के इस उल्लासपूर्ण अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ बनाए रखने का आह्वान किया। उधर कार्यक्रम आयोजक महापौर दीपक बाली ने उनके अनुरोध पर मुख्यमंत्री जी के पधारने पर उनका दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया और कहा कि श्री धामी ने काशीपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में भाग लेकर एक नया इतिहास रचा है क्योंकि अब से पहले कोई मुख्यमंत्री ऐसे कार्यक्रम में काशीपुर में नहीं आए। श्री बाली ने नगर व क्षेत्र की जनता पार्षदों जिला प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन नगर निगम प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, जसपुर के कांग्रेस विधायक आदेश चौहान, रुद्रपुर के विधायक आदि।

# 10 मार्च तक भरे जाएंगे सम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आरएमपीएसयू के सत्र 2023-24 और 2025-26 के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित होंगी। इसके लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) के सम सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल में होगी। इसके लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च कर दी गई है। पहले यह तिथि 28 फरवरी थी। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि एमआईएस जनरेट करने की अंतिम तिथि आठ मार्च है। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च है। इसी दिन परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे। निर्धारित तिथि के बाद परीक्षा शुल्क जमा करने पर 250 प्रति छात्र विलंब शुल्क देना होगा। आरएमपीएसयू के सत्र 2023-24 और 2025-26 के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित होंगी। इसके लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि बीएससी, फॉरेस्ट्री द्वितीय वर्ष पुनः परीक्षा सत्र 2023-24, बीएससी फॉरेस्ट्री तृतीय वर्ष नियमित परीक्षा सत्र 2024-25, एलएलबी द्वितीय वर्ष (पुनः परीक्षा) सत्र 2023-24, बीएएलएलबी पंचम वर्ष नियमित सत्र 2025-26, डीवीएड प्रथम वर्ष पुनः परीक्षा और पीजीडीसीपी प्रथम वर्ष पुनः परीक्षा की परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रणाली के तहत कराई जाएंगी। परीक्षा के लिए एमआईएस जनरेट करने की अंतिम तिथि आठ मार्च, जनरेट एमआईएस का संपूर्ण परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च और परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है।

# खुद की कमाई कारीगरों को भी बना रहीं आर्थिक रूप से सशक्त



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर लगातार आधी आबादी के सपनों को पंख लगा रहीं हैं। इसका सबसे ताजा और प्रेरक उदाहरण सुहाग नगरी फिरोजाबाद के बरकतपुर की 22 वर्षीय गायत्री हैं। कभी पूंजी के अभाव में अपने हुनर को दबाकर रखने वाली गायत्री मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के जरिए न केवल खुद आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि 20 अन्य परिवारों के आर्थिक सशक्तीकरण का जरिया भी बन गई है। बीएससी की छात्रा से श्युवा महिला उद्यमी तक का सफर फिरोजाबाद के ग्राम बरकतपुर की रहने वाली गायत्री की कहानी संघर्ष और दृढ़ इच्छाशक्ति की मिसाल है। अपनी शुरुआती पढ़ाई गांव के प्राथमिक विद्यालय से करने वाली गायत्री फिलहाल बीएससी फाइनल की छात्रा हैं। पढ़ाई के साथ- साथ उनके मन में हमेशा से अपना व्यवसाय शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन रास्ते में सबसे बड़ी दीवार पूंजी की कमी थी। इसी बीच उन्हें जिला उद्योग केंद्र से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की जानकारी मिली। सरकारी तंत्र की बदली कार्यशैली और पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ उठाते हुए गायत्री ने आवेदन किया और उन्हें बिना किसी बाधा के बैंक से 3 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त हो गया। इस शुरुआती पूंजी ने उनके सपनों को हकीकत में बदलने का आधार तैयार किया योगी सरकार की योजना मेरे लिए वरदानरू गायत्री। अपनी इस शानदार उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए युवा उद्यमी गायत्री बताती हैं कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि 22 साल की उम्र में, पढ़ाई के साथ-साथ मेरा अपना कोई व्यवसाय होगा और मैं दूसरों को नौकरी दे पाऊंगी। योगी सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बिना किसी सिफारिश या भागदौड़ के मुझे पारदर्शी तरीके से ब्याज मुक्त ऋण मिल गया।

# एआईएमआईएम ने फूंका डिजिटल इंकलाब का बिगुल, बड़ा ऐलान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन फिरोजाबाद इकाई ने जिले की सियासत में एक नया अध्याय जोड़ते हुए डिजिटल सदस्यता अभियान का आधिकारिक आगाज कर दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जनाब हाजी शौकत अली साहब की सरपरस्ती और पश्चिम यूपी अध्यक्ष जनाब मेहताब चौहान साहब की रहनुमाई में जिला एवं महानगर कमेटी ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया है। प्रमुख बिंदुरूनेतृत्वरू जिला अध्यक्ष जनाब आसिफ इकबाल साहब, महानगर अध्यक्ष नासिर खान साहब और जिला प्रमुख महासचिव बिलाल फारूकी साहब के साझा नेतृत्व में इस अभियान को गति दी गई। मकसद पार्टी के प्रमुख महासचिव बिलाल फारूकी ने बताया कि इस डिजिटल मुहिम का उद्देश्य फिरोजाबाद के हर घर तक बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के पैगाम को पहुँचाना और नौजवानों को सीधे पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। प्रक्रिया पार्टी ने एक विशेष फत् कोड और लिंक जारी किया है, जिसे स्कैन कर कोई भी व्यक्ति सीधे मजलिस की सदस्यता ग्रहण कर सकता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कलीम अख्तर साहब ने कहा कि यह तकनीक के माध्यम से मजलिस को बूथ स्तर पर फौलाद की तरह मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिले के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जाए।

प्रेस नोट के अंत में बिलाल फारूकी ने कहा कि फिरोजाबाद अब सियासी तौर पर जागरूक हो चुका है और यह डिजिटल इंकलाब आने वाले वक्त में जिले की राजनीति की दिशा तय करेगा।

# दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त जीतू को किया गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे जनपद में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वार रात्रि में नाबालिक को बहला फुसलाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त जीतू पुत्र महिपाल निवासी ग्राम थरौरा पीपलिया मण्डी के पास थाना सहपऊ जिला हाथरस उम्र करीब 24 वर्ष को दौराने देख रेख शान्ति व्यवस्था, चौकिंग मुखबिर खास की सूचना पर टूटी पुलिया लालपुर रोड थाना रसूलपुर के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त थाना रसूलपुर पर मु०अ०सं० 66/2026 धारा 87,137(2) का आरोपी है। विवेचना के दौरान धारा 64(1) व =की बढोत्तरी की गई है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-जीतू यादव पुत्र श्री महिपाल यादव निवासी ग्राम थरौरा पीपलिया मण्डी के पास थाना सहपऊ जिला हाथरस।

## सार-संक्षेप

### अशोक सिंघल भवन में गूंजे ब्रज के होली गीत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सेवा भारती हरिगढ़ महानगर द्वारा रविवार को गांधी पार्क स्थित अशोक सिंघल भवन (कैंप कार्यालय) पर एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महानगर की 56 सेवा बस्तियों में संचालित केंद्रों की संचालिका बहनों को मानदेय और बालकों को होली की खेल सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रशांत सिंघल, विशिष्ट अतिथि संरक्षक राजीव अग्रवाल (प्लस पॉइंट), मार्गदर्शक प्रवीण अग्रवाल (कृष्णा इंटरनेशनल), विभाग अध्यक्ष गौरव सिंघल, प्रभारी संजय अग्रवाल व समाजसेविका डॉ. सोनिया सिंघल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मीडिया प्रभारी अभिषेक चौहान ने ढपली की थाप पर ब्रज की होली गाकर माहौल को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया।सेवा भारती के विभागाध्यक्ष गौरव सिंघल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह ऊंच-नीच और भेदभाव की दीवारों को गिराकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का पर्व है। इस अवसर पर मार्गदर्शक अम्बरीश पाठक, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, व्यवस्था प्रमुख दीपेंद्र मित्तल, मुकेश, सहित समस्त कार्यकारिणी के बंधु उपस्थित रहे।

### अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध में प्रदर्शन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अमेरिका और इजराइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने पर पूरे देश के मुस्लिम समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। अलीगढ़ में मुस्लिम समाज के लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर अलीगढ़ तक उबाल मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतरे और विरोध-प्रदर्शन किया। सड़क पर उतरे अलीगढ़ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाल कर नारेबाजी की। इमामबाड़े से निकले जुलूस में अमेरिका और इजरायल के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगे। मुस्लिम समाज ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान अलीगढ़ मुस्लिम फेटरनिटी के सदस्य नादिर अब्बास नकवी ने कहा कि ईरान में हाल ही में हुई हिंसा की गंभीर एवं चौंकाने वाली वृद्धि हुई है। नादिर ने कहा कि इसके कारण इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों की कथित शहादत हुई है।

यह क्षति संयुक्त राज्य अमेरिका एवं इस्राइल की ओर से किए गए एक क्रूर एवं अप्रत्याशित सैन्य आक्रमण का परिणाम है। लोगों ने अमेरिका और इस्राइल मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। दरअसल, शिया समुदाय आयतुल्लाह खामेनेई को अपना रहबर मानता था। उनके बताए रास्ते पर चलता है। जिस तरह से इस्राइल और अमेरिका ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई को मारा है, उससे शिया समुदाय में उबाल देखा गया।

# एएमयू में पार्किंग विवाद में गार्डों ने युवक को पीटा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अमुवि के जेएन मेडिकल कॉलेज में तीमारदार की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने पार्किंग विवाद में युवक को बंधक बनाकर पीटा। उसके हाथ में कलावां देखा तो और भड़क गए। इसकी शिकायत थाना सिविल लाइंस पुलिस से की गई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। क्वार्सी थाना क्षेत्र के गांव बरहेती निवासी तेजवीर सिंह अपने किसी परिचित के इलाज के सिलसिले में जेएन मेडिकल कॉलेज आए थे। आरोप है कि ट्रामा सेंटर के पास बाइक खड़ी करने को लेकर वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों से उनकी कहासुनी हो गई। पीडित का आरोप है कि गाड्र्स ने पीछा किया और जबरन पकड़कर पुरानी इमरजेंसी के एक कमरे में बंद कर दिया। वहां करीब 20-25 लोग मौजूद थे। वहां पर पीड़ित के कपड़े उतरने के बाद हाथ पर बंधा कलावा देखकर वह लोग और भी उग्र हो गए। उन्होंने धार्मिक टिप्पणी करते हुए जमकर डण्डे बरसाये।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि अमुवि में मजहबी आधार पर हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह पहला मामला नहीं है। ऐसी घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अमुवि केंद्र सरकार के अधीन है और हिंदुओं के टैक्स से भी चलती है। इस प्रकरण में जांच के बाद सभी दोषियों में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ित का आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया ताकि वह किसी को मदद के लिए न बुला सके। जब तेजवीर ने बताया कि उसका हाल ही में चेहरे का ऑपरेशन हुआ है, तो आरोपियों ने कहा कि तुझे जान से मार देंगे, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। बाद में तुझे मोर्चरी में डाल देंगे, वो इसीलिए बनी है।

इस मामले जानकारी पर पीड़ित के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, उन्होंने जमकर हंगामा किया। पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर चार आरोपियों रजा नगर निवासी फराज पुत्र मुकर्रम, इलाहाम हैदर पुत्र जरगाम हैदर निवासी दोदपुर, निजाम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी लोको कॉलोनी और नगला पटवारी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद चमन को शनिवार को गिरफ्तार कर दिया। इसके बाद न्यायालय में पेश कर उन्हें जेल भेजा गया है। सीओ सर्वम सिंह ने बताया कि थाना सिविल लाइन में आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए चारों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। वीडियो के आधार पर अन्य हमलावरों की पहचान की जा रही है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक दंपती को मारी टक्कर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अतरौली क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने गंगा स्नान के लिए जा रहे दंपती की खुशियों को मातम में बदल दिया। अवंतिबाई चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 55 वर्षीय भगवान दास गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी सुनीता देवी को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्वार्सी क्षेत्र निवासी भगवान दास अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ 1 मार्च को सुबह करीब 11 बजे गंगा स्नान के लिए रामघाट जा रहे थे। जैसे ही वे अतरौली के अवंतिबाई चौराहे के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में भगवान दास के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही थाना अतरौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक अजमल पुत्र तस्दीक, निवासी मोहनपुर अवांपुर, थाना सहावर, जनपद कासगंज को हिरासत में ले लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवंतिबाई चौराहा पहले भी कई सड़क हादसों का गवाह बन चुका है।

# बाबा नीब करौरी जी की जन्मस्थली का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ पूज्य बाबा नीब करौरी जी की जन्मस्थली का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर के सर्वांगीण विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना थानिरीक्षण के मुख्य बिंदुः सौंदर्याकरण एवं विकासः जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर के सौंदर्याकरण और बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए विस्तृत योजना का अवलोकन किया। बेहतर कनेक्टिविटी श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु संपर्क मार्ग को और अधिक बेहतर और चौड़ा बनाने के कड़े निर्देश दिए गएपर्यटन को बढ़ावाः स्थल की धार्मिक महत्ता को देखते हुए इसे पर्यटन हब के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया, जिससे स्थानीय विकास के साथ-साथ पर्यटन को भी नई दिशा मिले अधिकारियों को निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा भी उपस्थित रहें।

# स्कूल बस से कुचलकर छात्रा की मौत के बाद जागा जिला प्रशासन




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गंगीरी में स्कूल बस से कुचलकर छात्रा की मौत के बाद जिला प्रशासन जागा। जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरणों एवं निर्धारित मानकों की सघन जांच प्रारंभ कर दी है।

एआरटीओ प्रवर्तन प्रवेश कुमार ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अलीगढ़ मंडल के अंतर्गत 316 स्कूली वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान 62 वाहन फिटनेस समाप्त पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से संबंधित थानों में निरुद्ध कराया गया। मानकविहीन एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान, पंजीयन निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्रवाई निरंतर जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा स्कूल बसों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनुपालन अनिवार्य है। प्रत्येक स्कूल वाहन में अतिरिक्त आपातकालीन खिड़की, पारदर्शी फर्स्ट एड बॉक्स, बीआईएस प्रमाणित 2 एवं 5 किलोग्राम क्षमता के अग्निशमन यंत्र, गति नियंत्रक सीमा यंत्र (स्पीड गवर्नर), सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस प्रणाली एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण क्रियाशील स्थिति में होना आवश्यक है। मानकों की पूर्ति न होने पर फिटनेस प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण के साथ-साथ आकस्मिक चेकिंग भी की जा रही है।

स्कूल परिसरों में जाकर वाहनों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। निरीक्षण में कमी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। सभी विद्यालय प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि केवल वैध फिटनेस प्रमाणपत्र एवं पूर्ण सुरक्षा मानकों वाले वाहन ही संचालित हों। वाहन स्वामी निर्धारित तिथि से पूर्व ही फिटनेस नवीनीकरण कराएं। प्रत्येक वाहन में चालक एवं परिचालक का चरित्र सत्यापन एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। अभिभावकगण भी समय-समय पर यह सत्यापित करें कि जिस वाहन से उनका बच्चा आ-जा रहा है, वह सभी सुरक्षा मानकों का पालन कर रहा है। निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। जिलाधिकारी ने दोहराया है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन की यह पहल न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि अभिभावकों में विश्वास भी मजबूत करेगी कि उनके बच्चों की सुरक्षित यात्रा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रंगों के मस्ती भरे पर्व होली का सकुशल सम्पन्न कराने को जिला प्रशासन ने कसी कमर

## होली पर्व पर डीएम जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा, एसडीम सदर रितु चौधरी व डॉक्टर नीरज चौधरी ने समस्त जनपद बिजनौर वासियों को दी होली पर्व पर बधाई

अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** समस्त जनपद बिजनौर में रंगों का त्यौहार होली को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर तत्काल रोक लगा दी गयी हैं। होलिका दहन वाले स्थानों को चिन्हित किया गया हैं और पुलिस फोर्स की पूरी सतर्कता व पैनी नजर रखने के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हालांकि होलिका दहन और रंगोत्सव मनाने को लेकर लोगों में संशय बना हुआ है। ऐसे में पुरोहितों ने साफ किया है कि दो मार्च की रात्रि को होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। जबकि, रंगोत्सव चार मार्च को मनाया जाना उचित है। बताया जा रहा हैं कि होलिका दहन की तिथि को लेकर इस वर्ष पंचांग और चंद्र ग्रहण के कारण भ्रम बना हुआ है। आज सोमवार 2 मार्च की रात को होगा दहन, बुद्धवार चार मार्च को रंग खेला जाएगा। फाल्गुन पूर्णिमा आज दो मार्च शाम पांच बजकर 55 मिनट से शुरू होकर तीन मार्च को शाम पांच बजकर सात मिनट तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार प्रदोष काल में पूर्णिमा तिथि होने पर ही होलिका दहन किया जाता है। इस आधार पर होलिका दहन का समय रात्रि डेढ़ बजे से पांच बजे के बीच रहेगा। पंडितों ने तीन मार्च को चंद्रग्रहण बताया। इसलिए, रंग-गुलाल नहीं खेला जाएगा।

जिसके चलते चार मार्च को ही रंगोत्सव मनाना उचित है। वहीं होली के लिए लोग घर में पारंपरिक पकवान जैसे पूड़ी, खीर, मालपुआ, गुझिया, हलवा और कचौड़ी बनाने के इंतजाम में लग गए हैं। डॉक्टरों ने कैमिकल युक्त रंग का इस्तेमाल न करने की हिदायत दी हैं और रंग गुलाल को भी प्रयोग करने का आहवान किया हैं। होली पर्व के मद्देनजर थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित हैं। जिसमे जनप्रतिनिधियों व इलाकाई जिम्मेदार लोगों से सहयोग करने व रंग से परवेज करने वाले लोगों से संयम बरतने और आपसी भाईचारा व साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ होली का त्यौहार मनाने का आह्वान किया गया है।



**समस्त जनपद बिजनौर के होली जुलूस रहेंगे तीसरी आँख कैमरों की कड़ी नजर में**

### होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क: एसपी अभिषेक झा

बिजनौर जनपद के जनप्रिय पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने होली पर समस्त जनपद वासियो बधाई देते हुए कहा कि समस्त जनपद में होली का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए समस्त जनपद बिजनौर के थाना कोतवाली चौकियो पर सर्व समाज के लोगों द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित कर त्यौहार आपसी मेल झोल व प्रेम पूर्वक बनाने की अपील की गई है। गड़बड़ी करने बालों पर सख्त कार्यवाई भी की जाएगी।



### सकुशल सम्पन्न कराया जाएगा होली का त्यौहार: डीएम जसजीत कौर

जनपद बिजनौर की लोकप्रिय जिलाधिकारी जसजीत कौर ने रंगों की रंग-बिरंगे त्यौहार होली पर समस्त जनपद वासियों को बधाई देते हुए कहा कि होली का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण है। संवेदनशील होलिका दहन स्थल व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों से भी लगातार सम्पर्क कर सहयोग का आहवान किया जा रहा है।



### प्रेम पूर्वक मिलजुल कर मनाएं होली का त्यौहार: एसडीएम सदर रितु चौधरी

जनपद बिजनौर की लोकप्रिय उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी ने समस्त जनपद वासियों को रंग-बिरंगे रंगों वह मस्ती से भरे होली के पर्व को मिलजुल कर प्रेम पूर्वक मनाने की अपील करते हुए होली की बधाई दी। एसडीएम सदर बिजनौर रितु चौधरी ने कहां की जनपद बिजनौर की डीएम जसजीत कौर है पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के नेतृत्व मे होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। एसडीएम सदर रितु चौधरी ने कहा कि होली जुलूस पूरी तरह से कैमरे की नजर में रहेगा।



### होली पर केमिकल युक्त रंगों से करें परहेजः डॉ. नीरज चौधरी

केमिकल्स से बने रंगों के स्थान पर घर पर बने प्राकृतिक रंगों, हल्दी से बने पीलेटेसू के फूलों के नारंगी और हर्बल गुलाल का करें उपयोग डॉ. चौधरी ने कहा कि रंगों के रंग बिरंगे मस्ती के पर्व होली पर हानिकारक केमिकल युक्त पक्के रंगों (जैसे गहरा काला गहरा हरा-जामुनी) से पूरी तरह परहेज करें क्योंकि ये त्वचा और आंखों दोनों को ही अत्यधिक नुकसान पहुंचा हैं। वही इन केमिकल्स से बने रंगों के स्थान पर घर पर बने प्राकृतिक रंगों, हल्दी से बने पीलेटेसू के फूलों के नारंगी और हर्बल गुलाल का उपयोग ही करें जो सुरक्षित और सुखद होली के लिए बेहतर होता है। गहरा हरा या चमकीले रंगों में कॉपर सल्फेट की मात्रा हो सकती है, जो त्वचा में जलन और एलर्जी का कारण तेल या कोई गाढ़ा क्रीम लोशन लगाएं ताकि रंग त्वचा के अंदर न जाए। और आँखों का बचाव करने के लिए काला चश्मा लगाए। डॉक्टर नीरज चौधरी ने लोगों से सावधानी पूर्वक और साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाए रखते हुए रंगों के पर्व होली को मनाने का आह्वान किया है।



## सराहनीयः रेल प्रबंधक की सतर्कता से बची यात्री की जान

अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** रेल गाड़ी संख्या पदमावत एक्सप्रेस के शाहजहांपुर स्टेशन से प्रस्थान करने पर एक यात्री द्वारा उक्त चलती गाड़ी में चढ़ने का असफल प्रयास किया गया। यात्री चलती गाड़ी संख्या 14207 में चढ़ नहीं पाया तथा पैर फिसलने के कारण गाड़ी के पायदान तथा प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। गाड़ी के ट्रेन मैनेजर संजय कुमार ( मेल / हेड क्वार्टर मुरादाबाद) ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए तुरन्त सतर्कता दिखाई और ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर रोका एवं स्टेशन स्टॉफ, रेलवे सुरक्षा बल तथा जीआरपी स्टॉफ के सहयोग से यात्री को पायदान एवं प्लेटफॉर्म के बीच फसे यात्री को निकालकर यात्री की जान बचाते हुए एक सराहनीय कार्य किया। ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से एक यात्री की जान बच गई। यात्री के निकलने के बाद ट्रेन मैनेजर ने तुरंत गाड़ी को शाहजहांपुर स्टेशन से प्रस्थान कराया। घायल यात्री को रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी एवं स्टेशन स्टॉफ ने भी सतर्कता दिखाते हुए तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर ईलाज हेतु चिकित्सालय भेजा गया। निरंतर स्टेशन स्टॉफ, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी स्टॉफ, सोशल मीडिया प्लेटफार्म, स्टेशन पर लगे एनाउसमेंट सिस्टम द्वारा यात्रियों को चलती गाड़ी में चढ़ने एवं उतरने से मना करने के लिए निरंतर जागरूक किया जाता है। क्योंकि यह जानलेवा हो सकता है। इस घटना को देखते हुए रेलवे प्रबंधतंत्र ने पुनः यात्रियों से अनुरोध किया कि गाड़ी के प्लेटफॉर्म पर रुकने पर ही गाड़ी में चढ़े और उतरें।



## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित गिरफ्तार

### रुपये के लेन-देन को लेकर युवक ने की थी खुदकुशी, मरने से पहले बनाया था वीडियो

अमर भास्कर ब्यूरो

**चांदपुर।** थाना चांदपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी/एसटी एक्ट से जुड़े मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मु.अ.सं. 6./2.26 धारा 1.8 बीएनएस व 3(2) (ट) एससी/एसटी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है।

पुलिस के अनुसार तीन फरवरी 2.26 को वादी ने तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र को रुपये के लेन-देन को लेकर आरोपियों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। मानसिक दबाव से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक मृतक ने आत्महत्या से पहले अपने मोबाइल फोन में वीडियो बनाकर अपनी मौत के लिए सुलेमान और त्यागी नामक व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया था। तहरीर के आधार पर थाना चांदपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। शनिवार को पुलिस ने मामले में वांछित अभियुक्त सुलेमान पुत्र इकबाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्तमान में ए-99/2 द्वितीय फ्लोर, औखला, थाना शाहीन बाग, दक्षिण दिल्ली में रह रहा था, जबकि उसका स्थायी पता ग्राम सिकरिया, थाना नौगावा सादात, जनपद अमरोहा है। प्रकरण में अन्य नामजद आरोपी की तलाश जारी है। अभियुक्त की गिरफ्तारी में उ.नि. हरस्वरूप शर्मा, का. धनसिंह मलिक व का. किशन कान्त दूबे की टीम शामिल रही। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना गंभीरता से की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## सीकरी बुजुर्गः पिंजरे में कैद हुआ खूंखार गुलदार

अमर भास्कर ब्यूरो

**नहटौर।** क्षेत्र के सीकरी बुजुर्ग गांव और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से बना दहशत का माहौल अब खत्म हो गया है। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में बीती रात एक गुलदार (तेंदुआ) कैद हो गया, जिससे ग्रामीणों ने बड़ी राहत महसूस की है। क्षेत्र में गुलदार की लगातार आवाजाही और ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने सीकरी बुजुर्ग के पास स्थित एक आम के बाग में पिंजरा लगाया था। विभाग को लगातार सूचना मिल रही थी कि गुलदार आबादी के पास देखा जा रहा है। बीती रात शिकार की तलाश में घूमते समय गुलदार पिंजरे में फंस गया। रविवार सुबह जैसे ही गुलदार के पकड़े जाने की खबर फैली, मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की और इसे एक राहत भरा कदम बताया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार पूरी तरह स्वस्थ है और उसकी उम्र लगभग चार वर्ष है। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए गुलदार को संभागीय वन कार्यालय ले जाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार,जल्द ही उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अभी भी सतर्क रहें और किसी भी वन्यजीव की सूचना तुरंत विभाग को दें।



## उपलब्धि : बिजनौर के डॉक्टर वी के गौड़ ने देश की पहली 80 साल की महिला की कि लेजर रेक्टल प्रोलैप्स सर्जरी कर दिया नया जीवन

### सर्जरी के बाद डॉ. विनीता देशवाल और डॉ. सतीश चौधरी ने डॉ. वी.के. गौड़ को दी बधाई दी, किया सम्मानित

अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर/चांदपुर।** जनपद बिजनौर मुख्यालय पर स्थित श्री साई हॉस्पिटल मैटरनिटी एवं ट्रॉमा सेंटर ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यहां के अनुभवी सर्जन डॉ. वी.के. गौड़ ने 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की देश की पहली लेजर रेक्टल प्रोलैप्स सर्जरी सफलतापूर्वक की, जिससे मरीज को नई जिंदगी मिली है। यह सर्जरी मंडावर रोड, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस के पास स्थित श्री साई हॉस्पिटल में की गई। चाँदपुर क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर की रहने वाली इस 80 वर्षीय महिला को रेक्टल प्रोलैप्स (गुदा मार्ग का बाहर निकलना) की गंभीर समस्या थी। मरीज को पहले से दिल की बीमारी और पथरी की शिकायत भी थी, जिसके कारण पारंपरिक सर्जरी जोखिमपूर्ण थी।

डॉ. वी.के. गौड़ ने बताया कि लेजर तकनीक से बवासीर (पाइल्स), फिशर इन एनो, फिस्टुला इन एनो (भगंदर) की सर्जरी तो संभव है, लेकिन रेक्टल प्रोलैप्स की लेजर सर्जरी पूरे भारत में नहीं हो रही थी। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण मामले में लेजर विधि अपनाकर सफलता प्राप्त की। सर्जरी के बाद डॉ. विनीता देशवाल और डॉ. सतीश चौधरी ने डॉ. वी.के. गौड़ को बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। डॉ. विनीता देशवाल ने कहा कि यह सफलता बिजनौरवासियों के लिए बड़ी उम्मीद की किरण है। पहले ऐसी जटिल सर्जरी के लिए मरीजों को मेरठ, गाजियाबाद या नोएडा जैसे बड़े शहरों जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा बिजनौर में उपलब्ध हो गई है। उन्होंने बताया कि श्री साई हॉस्पिटल में लेजर तकनीक से मैमोप्लास्टी और वैजिनोप्लास्टी जैसी अन्य सर्जरी भी की जाती हैं। विभिन्न मल्टी-स्पेशियलिटी सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें, सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी (फाइब्रॉइड) एवं रसौली का ऑपरेशन, नसबंदी एवं परिवार नियोजन परामर्श, ट्यूबल सर्जरी (लैप्रोस्कोपिक), डिम्बग्रंथि सर्जरी, मूत्र संबंधी समस्याओं का इलाज, वृद्धावस्था में स्त्री रोग समस्याएं, थायरॉइड उपचार, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, साइटिका, सर्वाइकल एवं रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन, जन्मजात टेढ़े-मेढ़े हाथ-पैरों का इलाज, गाउट, अर्थराइटिस, हाथ-पैरों की सूजन, घुटना/कूल्हा/स्लिप डिस्क का इलाज तथा नई तकनीक से जॉइंट रिप्लेसमेंट किया जाता है। इसके अलावा लैप्रोस्कोपिक (दूरबीन से) ऑपरेशन जैसे अपेंडिक्स, हर्निया, पथरी (गॉल ब्लैडर/किडनी स्टोन) और गुर्दे की पथरी/रसौली का इलाज भी उपलब्ध है। श्री साई हॉस्पिटल आयुष्मान भारत योजना से जुड़ा हुआ है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त या सब्सिडी पर इलाज मिल रहा है। यह उपलब्धि न केवल बिजनौर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए चिकित्सा सुविधाओं में क्रांतिकारी कदम है।



**मंडावर रोड, पुराना आरटीओ ऑफिस के पास स्थित है श्री साई हॉस्पिटल**

**चाँदपुर क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर की रहने वाली इस 80 वर्षीय बजुर्ग महिला**

## कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस डीएलएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित



अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के डी.एल.एड. बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर में कु. सानिया 89.62 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डा. सीमा शर्मा, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ परवीन पुत्री सरवर अली ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयुशी अग्रवाल पुत्री नवीन कुमार अग्रवाल ने 90.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व निधि रानी पुत्री रामअवतार सिंह ने है। साइंस के विभागाध्यक्ष कृष्णा कुमार व सहायक प्रवक्ता फरहीन जहरा व ज्योति सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए, उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## दहेज हत्या में पति समेत तीन गिरफ्तार

अमर भास्कर ब्यूरो

**चांदपुर।** जनपद बिजनौर में दहेज से होने वाली विवाहिताओं की हत्या रुकने का नाम नहीं ले रही है । दहेज हत्या के एक सनसनीखेज मामले में थाना चांदपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पति समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 85/8.(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। है।

पुलिस के अनुसार वादी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन को ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने ग्राम अकौंधा निवासी फहीम पुत्र यासीन, यासीन पुत्र अनीस तथा सबीला पत्नी यासीन को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में उ.नि. मदनपाल राणा, का. आकाश कुमार, का. कृष्ण कुमार, म.का. नेहा सिरोही व म.का. प्रीति चौधरी की टीम शामिल रही। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। दहेज उत्पीड़न जैसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



**अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या का आरोप**

## फुलसंदे वाले बाबा के सानिध्य में भव्य सत्संग का हुआ आयोजन

अमर भास्कर ब्यूरो

**हल्दौर।** गांव पावटी स्थित आनंद मिलान बैंक्वेट हॉल में शनिवार को बाबा फुलसंदे वालों के सान्निध्य में भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र। के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आध्यात्मिक प्रवचन का लाभ उठाया। सत्संग को संबोधित करते हुए बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल है और इसे पुण्य व सत्कर्मों के मार्ग पर चलते हुए सार्थक बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं पुण्य के पथ पर रात-दिन चलता रहा। हे आदि पुरुष परमेश्वर, तेरे नाम को धूल गरद पर बैठकर लिखता रहा। यह जीवन कब बीत गया, पता ही नहीं चला। फूल-बहारों के मौसम भी यूं ही गुजर गए। उन्होंने आगे कहा कि परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय और आत्मा में युगों-युगों से विराजमान है, आवश्यकता केवल उसे महसूस करने की है। कहा कि मुझे मालूम है, ओ आसमान वाले, तू मेरे हृदय में निवास करता है। मेरी छाया इस संसार में भटकती रही, पर अंततः सत्य यही है कि तू मेरे आसपास ही है। बाबा ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ध र्म-कर्म की बातें केवल पुस्तकों तक सीमित होकर रह गई हैं। लोग सच्चाई का पालन नहीं करते, जिसके कारण जीवन में दुख और अशांति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि झूठ और फरेब को होशियारी समझना समाज के लिए घातक है। जब जीवनसाथी तक से छल किया जाता है और झूठी कसमें खाई जाती हैं, तो जीवन रूपी उपवन के फूल भी मुरझा जाते हैं। सत्संग के उपरांत श्रद्धालुओं ने मंत्र दीक्षा ग्रहण की तथा सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह, चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, भाजपा नेता प्रिंस चौधरी, भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह, जागेश सिंह, योगेश कुमार और भुवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**बाबा के भव्य सत्संग में मुख्य रूप से रहे मौजूद**

राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह, चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, भाजपा नेता प्रिंस चौधरी, भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह, जागेश सिंह, योगेश कुमार और भुवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## समान शिक्षा नीति और समान नागरिक संहिता लागू हो

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा ।** वृन्दावन विरक्त शिरोमणि स्वामी वामदेव महाराज के त्रिदिवसीय शताब्दी आनंद महोत्सव में शनिवार सायंकालीन द्वितीय सत्र तथा रविवार प्रात:कालीन तृतीय सत्र में देशभर से पहुंचे संतों ने सामाजिक अखण्डता, राष्ट्र जागरण और हिंदुत्व एकता पर चिंतन-मंथन करते हुए राष्ट्र एवं समाज को दिशा देने का कार्य किया। काशी सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि सरकार को समान शिक्षा नीति और समान नागरिक संहिता का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार उन पांच लाख मंदिरों को भी सरकारी नियंत्रण से मुक्त करे जिनका धन चाहे-अनचाहे इसाई मिशनरियों और इस्लामिक ताकतों के पोषण के लिए काम लिया जाता है। वे साधुता, पवित्रता, मानवता की प्रतिमूर्ति थे। स्वामी अभिषेक चौतन्य गिरि महाराज ने कहा कि हमारा स्वतंत्र देश विपरीत विचारधाराओं के आधीन है। अब समय है कि वैदिक विचारधारा से हमारे देश का संचालन होना चाहिए। इसके साथ ही निर्मल पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानदेव सिंह महाराज, अटल पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज, महामण्डलेश्वर दिव्यानंद पुरी महाराज, स्वामी मुक्तानंद पुरी महाराज, महामण्डलेश्वर अवशेष चौतन्य महाराज, शांतिस्वरुपानंद गिरि महाराज, महामण्डलेश्वर प्रणवानंद महाराज, महामण्डलेश्वर भगवत्स्वरुप महाराज, महामण्डलेश्वर जगदीष पुरी, स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कार्ष्णि जगदानंद महाराज, महामण्डलेश्वर ईश्वरदास महाराज, महामण्डलेश्वर जनार्दन हरि महाराज, आचार्य महामण्डलेश्वर विजयानंद पुरी महाराज, स्वामी केशवानंद महाराज, अग्नि अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर रामकृष्णानंद महाराज ब्रह्मचारी, महामण्डलेश्वर भावांजलि व्यक्त की।

## इस्राइल-अमेरिका का एक साथ ईरान पर हमला



**येरूशलम।** तेजी से बदलते सैन्य घटनाक्रम के बीच पश्चिम एशिया एक बार फिर बड़े क्षेत्रीय टकराव की दहलीज पर खड़ा दिखाई दे रहा है। खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों और ईरान की उन्नत मिसाइल क्षमता को देखते हुए संघर्ष के व्यापक युद्ध में बदलने की आशंका गहरा रही है। सीएनबीसी और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को अमेरिका व इस्राइल के ईरान में हमले के तुरंत बाद ईरान ने इस्राइल और खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए मिसाइल हमले किए। इससे पूरा पश्चिम एशिया भीषण धमाकों से दहल उठा।एएफपी की ओर से जारी तस्वीरों में उत्तरी इस्राइल के हाइफा के ऊपर समुद्र में एक प्रोजेक्टाइल का धमाका देखा गया। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर ने यह भी रिपोर्ट किया कि ईरान के सुप्रीम नेता आयतुल्ला अली खामनेई को निशाना बनाया गया था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। बहरीन, कुवैत, कतर व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे मौजूद हैं, ने पुष्टि की कि उन्होंने अपने हवाई क्षेत्र में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट किया।

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश पर ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया, जिसे उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने विफल कर दिया। अबू धाबी और दुबई में तेज धमाकों की आवाजें सुनीं गईं। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाना राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का घोर उल्लंघन है। यह क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक उकसावा है। बहरीन की समाचार एजेंसी ने बताया कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड से संबद्ध फिफ्थ फ्लीट के सर्विस सेंटर को मिसाइल हमले का सामना करना पड़ा। सऊदी अरब, जिसे सीधे निशाना नहीं बनाया गया, ने यूएई, बहरीन, कतर, कुवैत और जॉर्डन पर ईरानी हमले की आलोचना की। रियाद ने कहा कि वह इनके समर्थन में अपनी सभी क्षमताएं उपलब्ध कराने को तैयार है।अमेरिका का आठ महीने के अंदर ईरान पर यह दूसरा हमला है।।

## गोकुल में मची छड़ीमार होली की धूम

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा ।** ब्रज में होली की चंहु ओर धूम मची हुई है। हर कोई रंगों की मस्ती में मस्त है और भगवान के साथ होली खेलकर अपने को धन्य महसूस कर रहा है। इसी भाव से रविवार को भगवान बाल कृष्ण कन्हैया की नगरी गोकुल में होली खेली गई। यहां की होली की विशेषता है कि यहां चांदी की बहुत छोटी पिचकारी के अलावा लाठियों की जगह छोटी-छोटी छड़ियों से होली खेली जाती है। द्वापर युग से चली आ रही इस परंपरा को आज भी उसी उत्साह से निभाया जाता है। महावन में भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोकुल में छड़ी मार होली खेली गई। इसमें गोकुल की ग्वालिनों ने कान्हा स्वरूप हुरियारों पर प्रेम से पगी छड़ियां बरसाईं। गोकुल की गलियों में होली की धूम मच गई। हर तरफ गुलाल उड़ने लगा। सतरंगी अंबर के बीच चारों तरफ रसियाओं की आवाज गूंजने लगी। होरी के रसिया और टेसू के फूलों से बने रंग में सराबोर होकर श्रद्धालु आंनद लेते रहे। सुबह दस बजे नंद भवन नंदकिला से ठाकुरजी का डोला निकाला गया। डोला नंद भवन से बीच चौक, नंद चौक होकर मुरलीधर घाट पर पहुंचा। मंदिर सेवायत पुजारी मथुरा दास ने ठाकुरजी की आरती उतारी। गोकुल वासियों ने गली-गली में डोला का फूलों की बरसात कर स्वागत किया। डोला में गोकुलवासी मस्त होकर नृत्य कर रहे थे। श्रद्धालु ठाकुरजी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते जयघोष करते हुए डोला के साथ निकले।



## गलत इंजेक्शन देने से बिगड़ी मरीज की तबीयत

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा ।** छाता के कोतवाली के गांव सेवलगढ़ निवासी एक व्यक्ति की गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

कार्रवाई की मांग की। सेवलगढ़ निवासी विजय सिंह (5०) पुत्र विधू राम के पैर में चोट थी और वे पेट दर्द से भी परेशान थे। शनिवार देर शाम वे उपचार के लिए छाता के पैगांव रोड स्थित एक निजी क्लिनिक पर गए। मृतक के भतीजे रतन सिंह का आरोप है कि डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद विजय सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टर ने उन्हें गुमराह किया और मरीज को आनन-फानन में अपनी बाइक पर बैठाकर केडी अस्पताल ले गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान मृतकके पैर सड़क पर रगड़ते हुए गए। केडी अस्पता में मरीज को भर्ती कराने के बाद डॉक्टर ने परिजनों को सूचना दी, लेकिन वहां पहुंचने पर परिजनों को विजय सिंह मृत मिले। घटना से आक्रोशित परिजन शव को लेकर पहले छाता कोतवाली पहुंचे और उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित होकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ हंगामा किया।

परिजनों ने निजी डॉक्टर पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का सीधा आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## ठाकुर बांकेबिहारी की नगरी रंग और भक्ति के उत्साह

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा ।** मंदिरों से लेकर गलियों और परिक्रमा मार्ग तक गुलाल उड़ता रहा और देश-विदेश से आए श्रद्धालु ब्रज की परंपरागत होली का आनंद लेते दिखाई दिए। विदेशी भक्तों ने इसे केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक आनंद और आध्यात्मिक अनुभूति बताया। रंगभरनी एकादशी पर उमड़ी श्रद्धा की लहर शनिवार को भी कम नहीं हुई। सुबह से ही बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र, इस्कान मंदिर, परिक्रमा मार्ग और प्रमुख मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। ढोल-मंजीरों की थाप, भजन-कीर्तन और राधे-राधे के जयघोष के बीच श्रद्धालु एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाते नजर आए। विदेशी श्रद्धालु समूहों में ब्रज की होली को करीब से अनुभव करते दिखे। कई भक्त मंदिर-मंदिर दर्शन करते हुए आगे बढ़ते रहे तो कुछ स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ नृत्य करते हुए उत्सव में शामिल हुए। टेसू के फूलों से बने प्राकृतिक रंग और पारंपरिक गुलाल के साथ खेली जा रही होली विदेशी मेमानों के लिए विशेष आकर्षण केंद्र रही। रूस के मास्को से आईं दमी और लीला ने बताया कि वृंदावन उन्हें हर बार अपनी ओर खींच लाता है। यहां का आध्यात्मिक वातावरण मन को शांति देता है। लीला ने कहा कि वह इस्कान से जुड़ी भक्त हैं और कृष्ण भक्ति ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। पदमी ने कहा कि आधुनिक जीवन में सब कुछ होने के बावजूद सच्ची खुशी भीतर की भक्ति से मिलती है। दीपावली पर कार्तिक सेवा में शामिल होने के बाद इस बार विशेष रूप से होली मनाने आई हैं। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से आई मिलिंदा, इरेंका, एनी और एमेलिया ने बताया कि उनके देश में इस्कान भक्तों द्वारा कृष्ण भक्ति का प्रचार तेजी से बढ़ रहा है। इसी प्रेरणा से वे पहली बार वृंदावन पहुंची हैं। उनका कहना था कि यहां होली खेलते समय ऐसा महसूस होता है मानो भगवान कृष्ण स्वयं भक्तों के बीच उपस्थित हों। विदेशी श्रद्धालुओं ने कहा कि वृंदावन को समझने के लिए केवल घूमना पर्याप्त नहीं, बल्कि भाव से जुड़ना जरूरी है। यहां के रंग जीवन में सकारात्मकता और आनंद भर देते हैं। यदि श्रद्धा के साथ आएं तो हर क्षण आध्यात्मिक अनुभव बन जाता है। दिनभर मंदिरों, आश्रमों और गलियों में रंगों की छटा बिखरी रही। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि ब्रज की होली अब केवल क्षेत्रीय उत्सव नहीं रही, बल्कि दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करने वाला सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्व बन चुकी है।



## महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा ।** सुरीर के सुदामागढ़ी गांव में रविवार को एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस और सीओ मांट संदीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मृतक विवाहिता की पहचान सोनिया के रूप में हुई है। उसकी शादी 7 मई 2०25 को सुदामागढ़ी निवासी कुलदीप से हुई थी। सोनिया की बहन की शादी भी इसी परिवार में संदीप से हुई थी। दोनों बहनें बल्देव थाना क्षेत्र के बल्टीकरी गांव निवासी सूरजपाल की बेटियां थीं। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह दोनों बहनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद बड़ी बहन खेत की ओर चली गई और परिजन उसे वापस लाने गए। इसी दौरान सोनिया ने घर के आंगन में टीन के नीचे लगी बल्ली से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। जब परिजन लौटे तो सोनिया फंदे से लटकी मिली। मृतका के पिता सूरजपाल ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी सोनिया की ससुराल वालों ने साजिश के तहत हत्या की है।



## कृष्णचन्द्र गांधी सरस्वती में नए सत्र के प्रवेश शुरू

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा ।** कृष्णचन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, माधवकुंज में शैक्षिक सत्र 2०26-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में रविवार 1 मार्च को आयोजित पत्रकार वार्ता में विद्यालय प्रबंधन ने विस्तृत जानकारी दी। वित्तीय सलाहकार एवं विद्यालय प्रबंधक समीर बंसल एडवोकेट तथा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य खंडेलवाल ने बताया कि वर्ष 2००4 में स्थापित यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 15 मार्च रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में होगी। विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक बालिकाओं का प्रवेश भी किया जा रहा है। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बालिकाओं को प्रवेश शुल्क में 5० प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। निर्धन लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को भी शुल्क में विशेष रियायत दी जाएगी। विद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी पाठ्यक्रम तथा नई शिक्षा नीति 2०2० के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त, अनुशासित एवं आधुनिक तकनीक से युक्त शिक्षा देना है। विद्यालय में स्मार्ट कक्षाएँ, विज्ञान, गणित एवं कंप्यूटर की आधुनिक प्रयोगशालाएँ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर श्रद्धेय कृष्णचन्द्र गांधी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 3० विद्यालयों के 2०5 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



## ईरान बोला- खामेनेई की मौत का लेंगे बदला

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमले में मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार सुबह हमले में खामेनेई मारे गए। वहीं अब अपने नेता की मौत के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने बदले की चेतावनी दी है। ईरान की शक्तिशाली सैन्य इकाईइस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने घोषणा की है कि वह इस्लामी गणराज्य के इतिहास का सबसे तीव्र और विनाशकारी सैन्य अभियान शुरू करने जा रही है, जो इस्राइल और अमेरिका के मध्य पूर्व में मौजूद ठिकानों को निशाना बनाएगा। यह जानकारी ईरान की फार्स समाचार एजेंसी ने आईआरजीसी के एक बयान के पर प्रकाशित की है। आईआरजीसी ने कहा है कि यह ऑपरेशन कुछ ही पलों में शुरू होगा और इसका लक्ष्य क्षेत्र में अमेरिकी व इस्राइली सैन्य प्रतिष्ठान और अन्य महत्वपूर्ण ठिकाने होंगे। फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक आईआरजीसी ने खामेनेई की मौत पर कहा है कि हमने एक महान लीडर खो दिया है और हम उनके लिए दुख मनाते हैं। बयान में कहा गया कि आईआरजीसी घरेलू और विदेशी साजिशों का डटकर सामना करेगा। जिससे साफ हो गया कि खामेनेई की मौत के बाद ईरान चुप नहीं बैठेगा। ईरान सुप्रीम लीडर के सलाहकार अली शमखानी और के कमांडर-इन-चीफ मोहम्मद पाकपुर को तेहरान पर अमेरिकी-इस्राइली हवाई हमलों में मार दिए जाने की रिपोर्ट्स सामने आई हैं। ईरान के सरकारी मीडिया का कहना है कि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की बेटी, पोते, बहू और दामाद इस्राइल-अमेरिकी हमलों में मारे गए हैं। ईरान के सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक खामेनेई की मौत के बाद देश भर में सात दिनों का सार्वजनिक अवकाश और 4० दिनों का शोक घोषित किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि खामेनेई, जो इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक था, अब मृत है। ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निष्क्रिय करने के लिए जारी हमले को सही ठहराया और यह भी चेतावनी दी कि हमले सप्ताह भर जारी रहेंगे।



## ओमान के तेल टैंकर पर ईरान का हमला

**मस्कट ।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब कई देशों तक फैलता दिखाई दे रहा है। अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई तेज हो गई है और खाड़ी क्षेत्र के अहम समुद्री, हवाई और आर्थिक ठिकाने निशाने पर आ गए हैं। ओमान के समुद्री इलाके से लेकर दुबई, इस्राइल के हाइफा बंदरगाह और सऊदी अरब की राजधानी रियाद तक धमाकों और हमलों की खबरों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। ओमान के मसंदम तट से करीब पांच नॉटिकल मील दूर एक ऑयल टैंकर पर हमला किया गया। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर के मुताबिक स्कायलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग घायल हुए। जहाज पर मौजूद 2सिदस्यीय क्रू को सुरक्षित निकाल लिया गया। ओमानी नौसेना और सेना ने राहत अभियान चलाया।उसमें मौजूद सभी 2० चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इनमें 15 भारतीय नागरिक और 5 ईरानी नागरिक शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार बचाव अभियान तुरंत चलाया गया और सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के प्रमुख जासेम अल-बुदैवी ने ओमान के दुक्म बंदरगाह पर ईरान के हमले और ओमान तट के पास एक तेल टैंकर को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे गंभीर उल्लंघन और खतरनाक सैन्य बढ़ोतरी बताया, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई अस्वीकार्य उकसावे हैं, जो खाड़ी क्षेत्र की स्थिरता को कमजोर करती हैं। साथ ही सभी पक्षों से संयम बरतने और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने की अपील की गई। ईरानी जवाबी हमलों के बाद संयुक्त अरब अमीरात में हालात अचानक बदल गए। दुबई और अबू धाबी से आने-जाने वाली एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जो दुनिया का सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा माना जाता है, अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। रात के हमलों में कुछ ढांचागत नुकसान की भी रिपोर्ट सामने आई।



## हर नागरिक बिना भेदभाव अपनी समस्या लेकर मेरे पास आ सकता है

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा ।** रविवार अवकाश के दिन जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने अपने आवास पर जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। जनता दर्शन में मुख्य रूप से आवास, पेंशन, शौचालय, बिजली, सड़क और नलकूप जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। कुछ ग्रामीणों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी परेशानियों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें भी रखीं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीचौधरी ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझना और समयबद्ध समाधान कराना है। ब्रजवासियों की परेशानी दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता सदा रही है, किसी भी पीड़ित को इधर-उधर भटकना न पड़े, यह मेरी जिम्मेदारी है। मेरे कान्हा की नगरी का हर नागरिक बिना भेदभाव अपनी समस्या लेकर मेरे पास आ सकता है। भाजपा सरकार और प्रशासन व जनप्रतिनिधि मिलकर जनता को राहत पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जनता दर्शन में आए ब्रजवासियों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या पर गंभीरता से कार्यवाही होगी।



स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022